

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 18 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-020 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 अप्रैल 2023 रू. 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### तालाब में मिली सहायक आरक्षक की लाश

**दंतेवाड़ा 18 अप्रल।** जिले में एक सहायक आरक्षक की लाश तालाब में तैरती हुई मिली है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। आज मंगलवार के दिन सहायक आरक्षक की लाश तालाब में मिली है। पुलिस कर्मी का नाम 264 सुखलाल नेगी बताया जा रहा है। सुखलाल नेगी, पुलिस लाइन दंतेवाड़ा में पदस्थ थे। आज जब कारली तालाब में आस पास के लोगों ने उनकी लाश देखी तो फ़ौरन इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया नहाते समय डूबने से होना लग रहा है। मृतक सहायक आरक्षक के कपड़े व मोबाइल तालाब किनारे बने सीढ़ी में मिले हैं। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि हाल ही में दुर्ग में एक आरक्षक की सड़ी-गली लाश पुलिस लाइन के पीछे तालाब में मिली थी जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। घटना पद्मनाभपुर थाना इलाके की थी।

### भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन के मामले की एनआईए करेगी जांच

**नई दिल्ली 18 अप्रैल।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के सामने कई संदिग्ध लोगों के प्रदर्शन के मामले में पाकिस्तानी की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी समर्थकों से जुड़ी साजिश के इनपुट्स मिले हैं। इसे देखते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने इस मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दर्ज एफआईआर को टेकओवर कर लिया है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर ही एनआईए ने इस मामले को अपने जिम्मे लिया है। बता दें कि लंदन में 19 मार्च को भारतीय दूतावास के बाहर विरोध-प्रदर्शन के दौरान तिरंगे का अपमान करने का मामला सामने आया था। सूत्रों के मुताबिक, उस विरोध-प्रदर्शन और भारतीय तिरंगे के अपमान के पीछे खालिस्तानी आतंकियों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की संदिग्ध भूमिका को देखते हुए इस मामले में एनआईए को तफ्तीश के लिए हरी झंडी दी गई है। एनआईए की टीम इस विरोध प्रदर्शन के पीछे की साजिश की जांच पड़ताल करेगी।

### भाजपा में होगी मुकुल रॉय की वापसी

**कोलकाता 18 अप्रैल।** टीएमसी के संस्थापक सदस्य रहे मुकुल रॉय के भाजपा में एक बार फिर से शामिल होने की अटकलें हैं। टीएमसी नेता के बेटे ने दावा किया था कि वह लापता हो गए हैं और कुछ घंटे बाद ही वह दिल्ली में पाए गए। इसके बाद से ही अटकलें तेज हैं कि मुकुल रॉय एक बार फिर से भाजपा में शामिल हो सकते हैं। 2021 में बंगाल चुनाव के बाद वह तृणमूल कांग्रेस में आ गए थे। मुकुल रॉय के भाजपा में आने की अटकलें एक सोशल मीडिया पोस्ट से भी तेज हो गई हैं। मुकुल रॉय के बेटे सुभ्रांशु ने सोमवार को बिधाननगर पुलिस थाने में पिता के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मंगलवार को सुभ्रांशु ने इस मामले में भाजपा पर हमला बोला। सुभ्रांशु ने कहा कि मेरे बीमार पिता के साथ डर्टी पॉलिटिक्स हो रही है और अभिषेक बनर्जी को बदनाम करने की साजिश हो रही है। अभिषेक बनर्जी सीएम ममता के भतीजे हैं और टीएमसी के महासचिव हैं।

# हमें ना बताएं कि कौन सा मामला सुनना है

### समलैंगिक शादियों के मामले पर सरकार से बोले सीजे

**■ नई दिल्ली 18 अप्रैल।**

समलैंगिक शादियों को मान्यता देने की मांग वाली अर्जियों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को दिलचस्प बहस देखने को मिली। सरकार की ओर से इस मामले में कहा गया कि किन संबंधों को मान्यता देनी है या नहीं, यह एक सामाजिक प्रश्न है। ऐसे मामलों पर विचार करने के लिए संसद ही उचित फोरम है और सुप्रीम कोर्ट को इससे दूर रहना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि इस मामले पर अदालत में जो लोग चर्चा कर रहे हैं, वे देश के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। उन्होंने कहा कि अदालत को पहले इसी बात पर विचार करना चाहिए कि वह सुनवाई कर सकती है या नहीं। तुषार मेहता ने कहा कि यह मामला समवर्ती सूची में है। इसलिए इसे लेकर दाखिल याचिकाओं पर राज्यों का पक्ष जाने बिना सुनवाई नहीं की जा सकती। अब तक राज्यों को इस मामले में पार्टी नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक बेंच को पहले याचिकाकर्ताओं से केंद्र सरकार की ओर से दाखिल आपत्तियों पर जवाब मांगना चाहिए। इस पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन सुनवाई स्थगित नहीं करेंगे।



अदालत ने मामले को स्थगित करने की बात पर कहा कि हम इस मामले को उसकी गंभीरता के मुताबिक सुनेंगे। यही नहीं चीफ जस्टिस ने कहा कि फिलहाल यह मामला हमारे पास है और हम तय करेंगे कि कैसे इस पर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि हम किसी को यह अनुमति नहीं देंगे कि वह हमें बताए कि कौन से मामले की सुनवाई करनी है और किसकी नहीं। हम पर भरोसा रखें, इस मामले की व्यापक परिप्रेक्ष्य में सुनवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अपने सुप्रीम कोर्ट में दिए अपने हलफनामे में भी केंद्र सरकार ने कहा है कि भारत में समलैंगिक शादियों को मान्यता नहीं दी जा सकती।

### राइस मिल की इमारत गिरी,4 की मौत,157 मजदूर मलबे में दबे

**नई दिल्ली 18 अप्रैल।** हरियाणा के करनाल में मंगलवार तड़के बड़ा हादसा हो गया. यहां राइस मिल की तीन मंजिला इमारत का एक हिस्सा गिरने से अब तक 4 लोगों की मौत हो गई. 20 लोग जख्मी बताए जा रहे हैं. 100 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है. कई और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है. रेस्क्यू अभियान जारी है. हादसा करनाल के तरावड़ी में सुबह तीन बजे हुआ. यहां स्थित शिव शक्ति राइज मिल की तीन मंजिला इमारत गिर गई. इस हादसे में 157 मजदूर मलबे में दब गए. हालांकि 100 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया. अब तक 4 लोगों की मौत हुई है. जबकि 20 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है बताया जा रहा है कि मिल की इमारत में बने लेबर क्वार्टर का एक हिस्सा गिर गया. मिल में ही मजदूर ठहरते हैं. हादसा मंगलवार तड़के हुआ, ऐसे में राइस मिल में सो रहे मजदूर दब गए. मजदूरों को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है. मलबा हटाया जा रहा है. पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

# महानदी छत्तीसगढ़ से निकली है, डैम के लिए मिलनी चाहिए अनुमति

**■ रायपुर 18 अप्रैल।**



महानदी विवाद को लेकर न्याधिकरण की टीम के छत्तीसगढ़ दौरे पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा, सबसे पहली बात यह है कि इसे ट्रिब्यूनल में जाना ही नहीं था. महानदी छत्तीसगढ़ से निकली है और हमारा यह कोई बांध नहीं है. 7 बैराज बने हैं, इसी के कारण विवाद पैदा हुआ है. सरगुजा में जो बांध बनाना चाहते हैं, पैरी हाई डैम बनाना चाहते हैं,सबको रोके रखा है. हम लोगों को अनुमति मिलनी चाहिए. दरअसल आज जल विवाद न्याधिकरण टीम छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेगी. 40 वर्षों से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच महानदी को लेकर विवाद चल रहा है. इस मामले पर न्याधिकरण के अध्यक्ष व सुप्रीमकोर्ट के न्यायमूर्ति के एएन खानविलकर और उनकी टीम आज दौरा करेगी. दोनों राज्यो के बीच चल रहे महानदी विवाद को लेकर सुप्रीमकोर्ट ने न्याधिकरण का गठन किया है. विवाद को लेकर राज्य सरकार मजबूती से अपना पक्ष रखेगी. सीएम भूपेश बघेल ने कहा, पूरे हिंदुस्तान में ट्रांसजेंडर को पुलिस में भर्ती करने वाला हमारा छत्तीसगढ़ पहला राज्य है.बस्तर फाइटर में भी तृतीय लिंग की भर्ती हुई है. तृतीय समुदाय को सम्मान देने का काम छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है. हेट स्पीच को लेकर बीजेपी द्वारा किए गए प्रदर्शन और अल्टीमेटम पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भारतीय जनता पार्टी वाले सब कानून से ऊपर है. अपने आप को ऊपर समझते हैं और इस प्रकार हरकत कर रहे हैं. बौखलाए हुए हैं लेकिन कानून अपना काम करेगी. किसी प्रकार की धमकी चमकी से डरने वाली नहीं है।

## भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर का नेपाल के माउंट अन्नपूर्णा में निधन

**काठमांडू 18 अप्रैल।**

रिकॉर्ड बनाने वाली भारतीय महिला पर्वतारोही बलजीत कौर की माउंट अन्नपूर्णा के कैंप 4 के पास चोटी से नीचे उतरते समय मौत हो गई। भारत के राजस्थान के किशनगढ़ के 34 वर्षीय एक अन्य भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू भी सोमवार को उसी पहाड़ में कैंप 3 से उतरते समय लगभग 6,000 मीटर से नीचे गिरने के बाद लापता हो गए। मालू का ठिकाना अभी भी अज्ञात है लेकिन उनके अभियान के आयोजक सेवन समिट ट्रेक्स ने कहा कि तलाशी अभियान जारी है। कौर ने नौ अप्रैल को ट्विटर पर एक तस्वीर पोस्ट की थी जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अन्नपूर्णा के आधार शिविर में आराम कर रही हैं। 27 वर्षीय ने असली माउंट मानसलू पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला और ऑक्सीजन के बिना माउंट मानसलू पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की महिला और बिना ऑक्सीजन के माउंट मनास्लू पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला का रिकॉर्ड तोड़ा। वह दुनिया में 8,000 मीटर की छह



चोटियों पर चढ़ने वाली पहली भारतीय और दुनिया में 8,000 मीटर की छह चोटियों (5 महीने 2 दिन) पर सबसे तेज चढ़ाई करने वाली भारतीय भी थीं। पायनियर एडवेंचर के चेयरमैन पसांग शेरपा ने कहा कि बलजीत की कैंप 4 के ऊपर से नीचे उतरते समय मौत हो गई, उन्होंने ऑक्सीजन का उपयोग किए बिना चोटी को फतह कर लिया था। वह एक महीने से भी कम समय में 8,000 मीटर की चार चोटियों को फतह करने वाली पहली भारतीय पर्वतारोही थी।आयोजकों ने कहा कि उनके शव को आधार शिविर वापस लाने के प्रयास जारी हैं।

## पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर/नारायणपुर 18 अप्रैल।** नैमेड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में पुलिस ने एक पुरुष माओवादी को ढेर कर दिया है और उसका शव बरामद कर लिया गया है. सूत्रों के माने तो रेड्डी कैंप से डीआरजी की टीम आज सुबह नक्सल गश्त सर्चिंग पर रवाना हुई थी. इस दौरान सुबह 8 बजे ग्राम कचलावारी में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ में पुलिस के किसी भी जवान को चोटें नहीं आई है. मौके से 2 माओवादियों को पकड़े जाने की सूचना है. एक माओवादी का शव बरामद किया गया है. हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस ने अभी नहीं की है.



### जवानों ने नष्ट किया 5 किलो का आईईडी

वहीं, नारायणपुर ओरछा मार्ग पर रायनार के पास नक्सलियों ने सड़क पर पेड़ व पत्थर रखकर 3 दिनों से मार्ग अवरुद्ध किया है. ओरछा मार्ग में सुरक्षा बल के जवानों द्वारा लगातार सर्चिंग की जा रही है. वहीं आज सुबह छोटेडोंगर से सर्चिंग के लिए रवाना हुई डीआरजी व बीडीएस की टीम ने सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए 5 किलो का आईईडी बरामद कर मौके पर नष्ट किया.

बस्तर आईजी सुंदरराज ने कहा, नक्सल समस्या के कारण जो सड़क 30-35 वर्ष से बंद था उसे पुनः प्रारंभ कर दिया गया है. इस बौखलाहट में माओवादियों द्वारा आम जनता को तकलीफ देने के लिए जनता की सुविधा के लिए लगाया गया मोबाइल टावर को क्षति पहुंचाना एवं मार्ग अवरुद्ध करना जैसे नकारात्मक गतिविधि पूर्व में भी देखने को मिला है. विगत कुछ महीनों से इस प्रकार की नकारात्मक गतिविधि और ज्यादा देखने को मिल रहा है. इसके लिए हम बेहतर रणनीति के साथ काम करेंगे, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो. इसके लिए हमने जिले के पुलिस अधिकारियों से चर्चा की है।

### राजनीतिक विषय पर मुख्यमंत्री से बात कीजिए: राज्यपाल



**रायपुर 18 अप्रैल।** प्रदेश में आरक्षण के मुद्दे पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा, मैं राज्यपाल हूं. राजनीतिक विषय पर मुख्यमंत्री से बात कीजिए. राज्यपाल की एक सीमा होती है। विधेयक पर दस्तखत करेंगे या लौटाएंगे के सवाल पर भी राज्यपाल ने कोई जवाब नहीं दिया. वहीं आरक्षण मामले में सीएम भूपेश बघेल ने कहा, राजभवन में बिल साढ़े 4 महीने से अटका है. हम लगातार प्रयास कर रहे हैं.सीएम भूपेश बघेल ने कहा, आरक्षण को लेकर कल मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा. उधर से जवाब नहीं आ रहा है. बीजेपी आरक्षण के खिलाफ है।

## एनसीपी में हूं और यहीं रहूंगाः अजीत पवार

**■ मुंबई 18 अप्रैल।**

एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार ने बीजेपी में शामिल होने की अटकलों पर चुप्पी तोड़ी है. अजित पवार ने कहा कि वे एनसीपी में हैं और एनसीपी में ही रहेंगे. एनसीपी जो भी तय करेगी, मैं वहां रहूंगा.

अजित पवार ने पीएम मोदी के करिश्मे की तारीफ कर दी थी. इतना ही नहीं, उन्होंने श्वङ्करू पर भी भरोसा जताया था. इसके बाद महाराष्ट्र सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने एनसीपी को एनडीए में आने का न्योता दे दिया था. इसके बाद से महाराष्ट्र में तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं.कहा जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के 53 में से 30-34 विधायकों के साथ मिलकर शिंदे-फडणवीस सरकार का हिस्सा बन सकते हैं. बताया जा रहा है कि अजित पवार एनडीए में शामिल होने के लिए पार्टी में समर्थन जुटा रहे हैं. अजित की इस मुहीम में प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे जैसे एनसीपी नेताओं ने समर्थन किया है. हालांकि, एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल समेत कई नेता इसके पक्ष में नहीं हैं.

सूत्रों का दावा है कि अजित गुट ने शरद पवार से मुलाकात की और उन्हें इसकी जानकारी दी है कि एनसीपी विधायक भाजपा के साथ गठबंधन करने के इच्छुक हैं. हालांकि शरद पवार ने बीजेपी-शिंदे के साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया.

शरद पवार ने कहा, कुछ लोग सिर्फ खबर बना रहे हैं, इसके अलावा इन बातों का कोई अर्थ नहीं हैं. जो चर्चा आपके मन में वो हम में से किसी के मन में नही है , इसलिए इसका कोई महत्व नहीं है. मैं एनसीपी के बारे में कह सकता हूं कि इस पार्टी में काम करने वाले सभी नेता एक विचार से पार्टी को कैसे मजबूत किया जाए इसके लिए काम कर रहे हैं. ऐसा सुनने में आया कि विधायकों की बैठक है, यह बात बिलकुल झूठी है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल अपने चुनाव क्षेत्र में काम कर रहे हैं. अजित पवार भी काम में व्यस्त हैं।

# अब माफिया किसी को धमकी नहीं दे सकताः योगी

**■ लखनऊ 18 अप्रैल।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस हत्याकांड के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर अपना बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि अब उत्तर प्रदेश में माफिया किसी को धमकी नहीं दे सकते। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले प्रदेश में लगातार दंगे होते थे। 2012 से 17 के बीच में 700 से ज्यादा दंगे उत्तर प्रदेश में हुए। 2007 से 2012 के बीच में 364 से अधिक दंगे उत्तर प्रदेश में हुए हैं। लेकिन 2017 से आज तक उत्तर प्रदेश में एक



भी दंगा नहीं हुआ है। योगी ने साफ तौर पर कहा कि एक भी बार उत्तर प्रदेश में कर्फ्यू नहीं लगा। इसकी नौबत ही नहीं आई। उन्होंने कहा कि यह निवेश और उद्यम स्थापित करने के लिए सबसे अनुकूल अवसर होता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अब पेशेवर अपराधी माफिया किसी उद्यमी को फोन से डरा धमका नहीं सकता। उत्तर प्रदेश आज बेहतरीन कानून व्यवस्था की गारंटी देता है।

### मुख्तार अंसारी की बढ़ी बेचैनी

उत्तर प्रदेश में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, इस हत्याकांड के बाद अन्य जेलों में बंद अपराधियों में खौफ भी व्याप्त है। मुख्तार अंसारी की अपनी जान की सुरक्षा को लेकर बेचैनी बढ़ गई है। इन सबके बीच यूपी के अलग-अलग जेलों में बंद हाई प्रोफाइल क्रिमिनल्स की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फिलहाल सबसे ज्यादा चर्चा बांदा जेल में बंद बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी की है। जेल प्रशासन ने मुख्तार अंसारी की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। बताया जा रहा है कि अंसारी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी की निगरानी तेज कर दी गई है।



### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोली मारने की धमकी दी गई है। अमन रजा नाम के एक व्यक्ति ने फेसबुक पर मुख्यमंत्री को गोली मारने की धमकी से जुड़ा एक मैसेज पोस्ट किया है। इसकी सूचना मिलते ही यूपी पुलिस हरकत में आ गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी एमएस गिल का कहना है कि केस की विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी अमन रजा बागपत का रहने वाला है।

### 61 गैंगस्टर्स की लिस्ट तैयार

उत्तर प्रदेश में माफिया अतीक असमद का खात्मा हो चुका है। अतीक-अशरफ की मौत के बाद अब योगी सरकार माफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने जा रही है। पुलिस ने 61 गैंगस्टर्स की लिस्ट तैयार की है। इनके खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई शुरू होने जा रही है।इतना ही नहीं इन माफियाओं की 500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने की प्लानिंग भी हो चुकी है।

# चैरिटेबल ट्रस्ट में दान करना पड़ा भारी आयकर विभाग ने 8000 को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली 18 अप्रैल।** अगर आपने टैक्स बचाने के चक्कर में बड़ी मात्रा में पैसा दान किया है तो आपको चैरिटेबल ट्रस्टों में भारी मात्रा में पैसा दान करना भारी पड़ सकता है। क्योंकि भारत में इनकम टैक्स विभाग ने करीब 8,000 टैक्सपेयर्स को चैरिटेबल ट्रस्टों को दिए गए बड़े दान के कारण नोटिस जारी किया है। इनमें धर्मार्थ ट्रस्ट शामिल हैं, जो टैक्स चोरी के प्रयास के संदेह में बड़े दान दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि डेटा एनॉलिटिक्स से पता चला है कि ये करदाता अपनी आय और व्यय के अनुपात में दान कर रहे थे। जिन लोगों को नोटिस भेजी गई है, उनमें कंपनियों के अलावा वेतनभोगी और सेल्फ इंप्लायड भी शामिल हैं। अफसरों का कहना है कि इन व्यक्तियों और संस्थाओं ने अपनी कमाई के अनुरूप दान नहीं किया है। दान की गई राशि उतनी ही गई है, जितनी छूट पाने या टैक्स स्लैब को कम करने के लिए आवश्यक है। अधिकारी अब स्वतंत्र टैक्स स्पेशलिस्टों की जांच कर रहे हैं , जिन्होंने इन लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये नोटिस मार्च के मध्य और अप्रैल के शुरुआती दिनों में भेजे गए हैं। नोटिस उन लोगों को भेजा गया है, जो एसेसमेंट ईयर 2017-18 और 2020-21 के आयकर रिटर्न में गड़बड़ी किए हैं। कुछ और लोगों को अगले हफ्ते नोटिस जारी की जा सकती है। अफसरों के मुताबिक टैक्सपेयर्स ने अपनी कमाई के अनुरूप दान नहीं किया है। ऐसे लोगों ने चैरिटेबल ट्रस्टों को कमीशन देकर दान की रसीद ली है। विभाग उन ट्रस्टों को भी ट्रैक कर रहा है, जो टैक्सपेयर्स को फर्जी बिल ऑफर करते हैं और ऐसे चैरिटेबल ट्रस्टों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अगर जांच में यह गड़बड़ी पाई जाती है तो ऐसे चैरिटेबल ट्रस्टों से टैक्स छूट का स्टेटस छिन जाएगा।

बता दें टैक्सपेयर्स के लिए छूट उनकी कर योग्य आय को कम करने और कर बचाने और कुछ अच्छे लंग टर्म निवेश करने का एक व्यावहारिक तरीका है। कर छूट का दावा करके, एक टैक्सपेयर अपने टैक्स अमाउंट का पूरा या कुछ हिस्सा बचा सकता है।

## विधवा बहू को अपने सास-ससुर को गुजारा भत्ता देने की जरूरत नहीं

**मुंबई 18 अप्रैल।** बॉम्बे उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक आदेश में कहा है कि बहू को अपने पति की मृत्यु के बाद सास-ससुर को गुजारा भत्ता देने की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति किशोर संत की पीठ ने इस मामले में महाराष्ट्र के लातूर शहर के न्यायाधिकरण ग्राम न्यायालय (स्थानीय अदालत) द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती देते हुए 38 वर्षीय महिला शोभा तिड़के द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए 12 अप्रैल को यह आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि भारतीय दंड संहिता के अनुच्छेद 125 के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि इस अनुच्छेद में सास और ससुर को शामिल नहीं किया गया है याचिकाकर्ता शोभा के पति महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) में काम करता था, जिसकी मृत्यु के बाद शोभा ने जेजे अस्पताल में काम करना शुरू किया।

## एक नजर

### 1500 लोगों को रोजगार देने की तैयारी, विधायक, महापौर एवं निगम आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण



**भिलाई, 18 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत युवाओं को रोजगार के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ तैयार होगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति की घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई है। जिस पर तत्परता से अमल किया जा रहा है। इसके साथ ही गारमेंट फैक्ट्री तैयार किया जाएगा, इसके तैयार हो जाने से भी अधिकतर महिलाओं को रोजगार मिल पाएगा तथा बीपीओ के माध्यम से युवाओं को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा। जिसके चलते 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा। इन सभी महत्वपूर्ण घोषणाओं पर शीघ्रता से काम करने के लिए विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस मौके पर महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बता दे कि गारमेंट फैक्ट्री बनाने के लिए स्थल की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है, बीपीओ के लिए स्थल लगभग तय हो चुका है। नवीन महाविद्यालय की नई बिल्डिंग निर्माण के लिए भी आज स्थल का निरीक्षण किया गया। भिलाई के खिलाड़ियों को सुविधा देने के लिए शहर में शानदार स्पोर्ट्स कांप्लेक्स एवं स्विमिंग पूल बनाने की तैयारी की जा रही है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता तिवारी आदि मौजूद रहे।

### ठेका श्रमिक की मौत, जांच के बाद संचालक के खिलाफ प्राथमिकी

**भिलाई, 18 अप्रैल।** आग बुझाते समय आग की चपेट में आने से ठेका श्रमिक के मौत मामले में पुलिस ने जांच के बाद संचालक के खिलाफ धारा 285, 304 ( ए ) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जांच में सीता राइस मिल के संचालक द्वारा कर्मी को बिना सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए आग बुझाने भेजा गया था। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि करंजा भिलाई निवासी लोकेश्वर निर्मलकर 40 वर्ष जेवरा सिरसा स्थित सीता राईस मिल करंजा भिलाई में डस्ट की आग बुझाते चपेट में आया था। गंभीर अवस्था में इसे उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उपचार के बाद मौत हो गई थी। जेवरा सिरसा पुलिस ने मौत के जांच करने और लक्ष्मण निर्मलकर, गीतेश निर्मलकर, विजय निर्मलकर, दिवेश मानिकपुरी, जीवराखन निर्मलकर व चिकु केवट रोशन चौबे का भी बयान दर्ज किया गया 23 फरवरी की सुबह 11 बजे सीता राईस मिल करंजा भिलाई के संचालक के द्वारा कंपनी में पर्याप्त संसाधन, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये बिना, लापरवाही पूर्वक कर्मी लोकेश्वर निर्मलकर को डस्ट का आग बुझाने भेजा गया।

### एसपी ने किया थाना परिसर में हनुमान मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**भिलाई, 18 अप्रैल।** एसपी डॉक्टर अभिषेक पल्लव ने शांतिनगर में नवनिर्मित पुलिस थाना परिसर में हनुमान मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन, नगर पुलिस अधीक्षक निखिल रखेजा, जिला जेल संदर्शक राजेश शर्मा, थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी, अतुल चंद साहू, नगर निगम जोन 2 के अध्यक्ष एवं पार्षद रामानंद मौर्या, पूर्व साडा उपाध्यक्ष एवं वैशाली नगर विस के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी बृजमोहन सिंह, एमआईसी मेंबर श्रीमती रीता सिंह गेरा, स्मिता दोड़के, नोहर वर्मा, अरविन्द राय, राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाडी - रेफरी नानू पिल्लई, नवतेज सोहल, केदार बंसल एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति मे किया गया। इससे पूर्व डॉ पल्लव ने शिव, दुर्गा, हनुमान मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर ईश्वर से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र वासियो के सुखमय जीवन की कामना की।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 ने बनाया नया कीर्तिमान

**भिलाई, 18 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 2 में कास्टर 6 द्वारा एक टंडिश में 60 हिट्स की कास्टिंग कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया। कास्टिंग 15 अप्रैल को शाम 6.05 बजे शुरू हुई और 17 अप्रैल को सुबह 10.26 बजे समाप्त हुई। कुल कास्टिंग अवधि 40 घंटे 21 मिनट रही। इस शानदार उपलब्धि के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस 2) एस के घोषाल और प्लांट के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कास्टर 6 टीम को बधाई दी। सिंगल टंडिश में 60 हीट्स की यह रिकॉर्ड संख्या, टंडिश में कुछ मॉडिफिकेशन जैसे एसईएन, इम्पैक्ट पैड, स्लाइड गेट प्लेट्स और टंडिश लाइनिंग से हासिल की गई। यह उपलब्धि तकनीकी मानदंडों और उत्कृष्ट परिचालन का पूर्णतः पालन से हासिल की गई थी।

# श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा




**भिलाई, 18 अप्रैल।** संतोषी पारा विवेकानन्द नगर कैम्प-2 में शिव शक्ति महिला समिति द्वारा 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसके उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां कैम्प 2 काली मंदिर से कलश लेकर नंदिनी रोड होते हुए बैकुंठ धाम मंदिर से जल भरने निकलीं। वहां से जल लेकर आने के बाद कलश को भागवत स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित किया गया। कलश यात्रा में शामिल कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रही थीं तो आगे गाजे-बाजे की धुन पर युवा थिरक रहे थे। यात्रा जब बैकुंठ धाम के सूर्य कुंड घाट पर पहुंची तो यज्ञाध्यक्ष आचार्य ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर जल भरवाया। इस यात्रा के मौके पर भिलाई नगर निगम वार्ड 39 की पार्षद रीता गेरा, सुमन शील, सुमित्रा मांझी, धीरज शर्मा, सुधा महोतो, सबिता पासवान, बबिता पासवान, सुनीता, इंद्रासन आदि मौजूद रहे।

# कई गांवों में लोगों का कांग्रेस में लगातार प्रवेश,कांग्रेसियों में उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,18 अप्रैल।** मोहम्मद अकबर भैया कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की रीति नीति और विकास कार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए जिनका नाम इस प्रकार है ग्राम खैरबना कला से चरण पटेल, नारायण पटेल , रामाधार पटेल, खेलन पटेल, 8 कामदार पटेल, धरम पटेल, हेतराम साहू , दसे लाल पटेल , जेवडन कला से लूक राम साहू एवं ग्राम डगनिया से बीरबल साहू पंच , यसकुमार साहू पंच अपने इच्छा से कांग्रेस में शामिल हुए द्य क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल और कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू ने कहा की कबीरधाम जिले में कांग्रेस में लगातार प्रवेश यह दर्शाता है की मंत्री अकबर लगातार विकास कर रहे है जिससे प्रभावित होकर पूरे कवर्धा विधानसभा में हजारों लोग कांग्रेस की सदस्यता ले चुके है । कांग्रेस फिर से छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएगी और बीजेपी की हार शत प्रतिशत तय है ।

### कूलर में खस लगाने वाले व्यापारियों में हर्ष



**कवर्धा।** कूलर में खस लगाने वाले व्यापारियों ने बताया की ग्राहक कूलर में खस लगाने के लिए आ रहे है क्योंकि गर्मी बढ़ गई है और लोग बिना कूलर के शीतल हवा कैसे आएगी इसलिए देखा जा रहा है की कूलर में खस लगाने वालो में हर्ष देखा जाता है

# एससीएसटी ओबीसी एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने अम्बेडकर जयंती मनाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,18 अप्रैल।** बैंक ऑफ इंडिया एस सी/एस टी/ओबीसी एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ यूनिट ने अपनी द्वितीय आम सभा बैठक को सफलतापूर्वक संपन्न किया । साथ ही 132वी अम्बेडकर जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाया।इस कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र/जिले से सभी बैंक ऑफ इंडिया के एस टी/एस सी/ओबीसी कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। मंच का संचालन कार्यकारिणी अध्यक्ष अंकित खोब्रागड़े द्वारा किया गया। सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की तस्वीर पर द्वीप प्रज्वलित एवं माल्यारपर्ण कर सम्मान समारोह का शुरूआत किया गया बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती की समारोह को आगे बढ़ाते हुए एशोसिएशन द्वारा आमन्त्रित अतिथियों का पुष्पहार द्वारा स्वागत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासचिव लोकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती हमारे छत्तीसगढ़ यूनिट द्वारा हर साल बड़ी धूमधाम से मनाते है एवं अन्य विभाग से मेहमानों/वक्ताओं को आमन्त्रित करते हैइस साल मुख्य वक्ता के रूप में डी एस पी श्री जितेंद्र चंद्रवंशी (बीजापुर), श्री विपिन रंगारी (टी आई दुर्ग) एवं श्री बाबूलाल वासनिक ( अम्बेडकर स्कूल, नेवई मरोदा ) थे।

### दुकान का ताला तोड़ चोर ने किया गल्ले से नगदी पार

**भिलाई, 18 अप्रैल।** नेवई थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे नगदी को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली निवासी विमलेश जैन( 56 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी आजाद मार्केट रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में भिलाई मसाला उद्योग दुकान है। 15 अप्रैल की रात 10 बजे अपना दुकान बंद कर दुकान के ऊपर घर चला गया। अगले दिन सुबह टहलने के लिए नीचे आया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा है। दुकान के गल्ले में रखे 10 हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

# तहसील स्तरीय साहू सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह की तैयारी जोरों पर



**उतई,18 अप्रैल।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन, सामूहिक आदर्श विवाह एवं तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 21 एवं 22 अप्रेल को ग्राम गातापार में आयोजित की गई है। तहसील साहू संघ पाटन द्वारा विगत 20 वर्षो से सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन करते आ रहे है।कोरोना काल के दौरान दो वर्ष तक आयोजन नही हुआ था।

21 वे वर्ष के आयोजन को लेकर आयोजनकर्ता व ग्रामीणों में काफी उत्साह है। विवाह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पाटन तहसील के साहू समाज गांव-गांव में आयोजित कर्मा जयंती महोत्सव में साहू समाज के अलावा अन्य पिछड़ा जाति वर्ग के लोगो से सामूहिक आदर्श विवाह में शादी करने की अपील की जा रही है। तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि इस महायज्ञ में साक्षी बनने के लिये ग्रामीणों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। आयोजन की सफलता के लिये सभी वर्ग का सहयोग की आवश्यकता है और हमे सभी से सहयोग मिल भी रहा है। कार्यक्रम के बारे में मिडिया प्रभारी किशन हिरवानी ने बतलाया की लगभग 21 जोड़ो से भी अधिक जोड़ो का सामूहिक आदर्श विवाह गातापार में संपन्न होने की तैयारी हो रही है जिसमें 21 अप्रेल को दोपहर 2 बजे 1007 कलश के साथ गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में जिला साहू समाज दुर्ग उपाध्यक्ष श्रीमती दिव्या कलिहारी , उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू , जनपद सदस्य श्रीमती झरना साहू , जनपद सदस्य योगेश्वरी साहू, जनपद सदस्य कविता साहू उपस्थित होंगे । कलश यात्रा के बाद शाम को चुलमाटी तेलमाटी , मायन की रस्म संपन्न होगी।22 अप्रेल को सुबह 12 बजे 1007 दीपक के साथ भक्त माता की आरती की जायेगी। दोपहर 12 बजे कर्मा महोत्सव , सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रथम पहर के अथितियो का उत्बोधन होगा । अथिति के रूप में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव होंगे । प्रमुख अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल होंगे ,अध्यक्षता जिला साहू समाज दुर्ग नंदलाल साहू , विशिष्ठ अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति रमशिला साहू, पूर्व हस्त बोर्ड अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू सहित खिलावन साहू , कृष्णा साहू ,प्रेमलाल साहू, पोषण साहू , पुसाऊ राम साहू, श्याम लाल साहू, चंद्रभूषण साहू,जनपद सदस्य दिनेश साहू, जनपद सदस्य रूपचंद साहू शामिल होंगे ।

# सीएम के विकास कार्यों की घोषणा को शीघ्रता से पूर्ण कराने महापौर एवं आयुक्त ने ली बैठक



**भिलाई, 18 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भिलाई में विकास कार्यों के लिए की गई घोषणाओं को शीघ्रता से पूर्ण कराने महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के अधिकारियों की बड़ी बैठक ली। बैठक में महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा भिलाई के विकास कार्यों के लिए की गई घोषणाओं को शीघ्रता से पूर्ण किया जाना है, इसके लिए उन्होंने बैठक में घोषणाओं के अनुरूप कार्यों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। बैठक में समस्त जोन के अभियंता मौजूद रहे। इस दौरान शहर विकास के महत्वपूर्ण कार्यों की गहन समीक्षा भी बैठक में की गई। सभी अभियंताओं को अलग-अलग प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी भी बैठक में सौंपी गई है ताकि प्रोजेक्ट को लेकर प्रगति में इजाफा हो और अतिशीघ्र कार्य पूर्ण किया जा सके। शहर के विकास के लिए कई सारे प्रोजेक्ट पर अमल किया जा रहा है। सभी अभियंताओं से बारी-बारी से मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं से संबंधित कार्यों तथा निगम के महत्वपूर्ण विकास कार्यों को लेकर समीक्षा की गई। लोगों की सुविधाओं को देखते हुए सड़कों के डामरीकरण कार्य का काम महापौर एवं आयुक्त ने शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश बैठक में दिए हैं। प्रगति रत प्रमुख कार्यों की समीक्षा लेते हुए कार्य को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने कहा गया हैं। अप्रारंभ व लंबित कार्य की भी रिपोर्टिंग संबंधित अभियंता से ली गई तथा प्रोग्रेस लाने आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री की घोषणाओं के कार्य तथा शहर विकास के लिए प्रमुख कार्यों के तहत बैठक में विशेष रूप से सड़क डामरीकरण कार्य, गारमेंट फैक्ट्री, बीपीओ कॉल सेंटर, अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क, सुपेला अस्पताल का रिनोवेशन कार्य, सेंट्रल लाइब्रेरी निर्माण कार्य तथा तारामंडल निर्माण कार्यों को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। आज की बैठक में प्रमुख रूप से अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, संजय बागड़े, चंद्रकांत सिंह परघनिया, कुलदीप गुप्ता, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर तथा सभी जोन के सहायक अभियंता एवं उप अभियंता आदि मौजूद रहे।

### भिलाई निगम नहर-नालियों की सफाई के बाद तालाबों को भरने का काम करा रहा



**भिलाई, 18 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निस्तारी तालाबों को भरने का काम किया जा रहा है। भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नहर और नालियों की पूर्व में सफाई की गई है। निस्तारी तालाबों को भरने के लिए विगत 2 महीने से नहर और नालियों की सफाई का काम प्रारंभ हो गया था। प्रत्येक ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी वाले तालाबों को भरने का काम किया जाता है इस वर्ष भी इसको लेकर तैयारियां प्रारंभिक तौर पर ही कर ली गई थी।

बड़े-बड़े नालों को जहां से निस्तारी वाले तालाबों को भरा जाता है, इसके लिए विशेष सफाई अभियान के तहत स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों ने सघन सफाई की है तथा आसपास के झाड़ियों को भी हटाया है। स्वच्छता कर्मचारियों के अलावा झाड़ियों को हटाने के लिए जेसीबी की मदद ली गई । निस्तारी तालाबों की बात करें तो ज्यादातर तालाब नेहरू नगर एवं वैशाली नगर जोन क्षेत्र में है। जहां लोग निस्तारी के लिए तालाबों के पानी का उपयोग करते हैं।

# विधायक भेंट-मुलाकात में सेक्टर-10 पहुंचे देवेंद्र यादव ने दी बैडमिंटन कोर्ट की सौगात



**भिलाई, 18 अप्रैल।** वार्ड क्रमांक 65 सेक्टर 10 वासियों को भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने भव्य सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन कोर्ट की सौगात दी। वार्ड पार्षद सुभद्रा सिंह लोककर्म प्रभारी एकांश बंछोर, अनिल सिंह, राजेश प्रसाद सहित वार्ड के वरिष्ठ जानो के साथ मिलकर फीता काटकर लोकार्पण किया। सेक्टर 10 में सड़क 35 में बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य किया गया है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करवाया गया है। 10 लाख की लागत से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण हुआ है, जहां सभी जरूरी सुविधाएं है। सर्व सुविधा युक्त नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इसे जनता को समर्पित करते हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि सिर्फ टाउनशिप ही नहीं बल्कि हम पूरे शहर में बड़े-बड़े विकास कार्य करवा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भिलाई हमेशा से अग्रणी रहा है और हम खेल में भी भिलाई को अग्रणी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए वे जरूरी खास खेल जिस पर पहले कभी ध्यान नहीं दिया गया और जिसके लिए भिलाई में कोई खास सुविधा नहीं है वैसे खेलों के लिए सुविधा बनाई जा रही है ताकि हमारे खिलाड़ियों को जरूरी प्लेटफार्म मिल सके।

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सेक्टर 10 का वार्ड दौरा किए और लोगों से भेंट मुलाकात कर लोगों का कुशलक्षेम जाना। वार्ड के विभिन्न गलियों और का भ्रमण करते हुए विकास कार्यों का निरीक्षण किये। सड़क 28 और 8 एफ में पहुंचे। जहां वे लोगों के साथ बैठक करके विभिन्न विषयों पर चर्चा। इसी प्रकार जोनल मार्किट शाप नंबर 179 शुभम जायसवाल के यहाँ बैठक किए। फिर सड़क 30 में मंदिर में बैठक की गई। फिर सड़क 34 में बैठकर लोगों से हालचाल जाने वार्ड की समस्या पर चर्चा कर समाधान निकाला।

### सर्व सुविधायुक्त है कोर्ट

10 लाख की लागत से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है। इस बैडमिंटन कोर्ट में सभी जरूरी सुविधाएं हैं।

जिससे खिलाडियों को अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। इस बैडमिंटन कोर्ट में रात में भी खेल आयोजन किया जा सके इसके लिए लाइटिंग आदि की सुविधा है।

# एसपी,एएसपी ने लिखित परीक्षा पास करने वाले युवाओं किया उत्साहवर्धन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,18 अप्रैल।** जीडी रिजल्ट 2023 कर्मचारी चयन आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एस.एस.सी. जी.डी. कांस्टेबल लिखित परीक्षा का परिणाम जारी किया है। जिसमें कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कौशल किशोर वासनिक व रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में संचालित फोर्स एकेडमी कबीरधाम के 50 से अधिक युवक-युवतियों ने लिखित परीक्षा पास कर लिये है।

जिसकी जानकारी फोर्स एकेडमी के ट्रेन/कोच द्वारा पुलिस कप्तान को दी गई। जिस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के द्वारा आज दिनांक-17-04.2023 को 12ः00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उक्त युवक-युवतियों को आमंत्रित कर आवश्यक चर्चा करते हुए फिजिकल में अपना हंड्रेड परसेंट देने कहते हुए कहा गया कि फिजिकल में तो आप सबकी तैयारी पहले से ही बहुत अच्छी है, अब ग्राउंड की मेहनत फाइनल ग्राउंड में दिखाने का समय आ गया है, जो मुझे पूरा विश्वास है, कि फिजिकल में आप सब अपना हंड्रेड परसेंट देकर एस.एस.सी. जी.डी. के पद पर चयनित होगें कहते हुए लिखित परीक्षा पास करने वाले फोर्स एकेडमी के उपस्थित 46 प्रशिक्षणरथ युवक-युवतियों को फूलों का माला पहनाया



गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के द्वारा फोर्स एकेडमी के युवतियों को फूल माला पहनाकर उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही फोर्स एकेडमी के ट्रेनर/कोच श्री वसीम रजा कुरैशी को उक्त लिखित परीक्षा पास करने वाले सभी प्रशिक्षणरथ युवक-युवतियों पर और अधिक समय देकर बेहतर फिजिकल टेस्ट की तैयारी कराने निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक श्री एम.बी. पटेल, थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक श्री आनंद शुक्ला, प्रधान आरक्षक ट्रेनर, वसीम रजा कुरैशी, आरक्षक दशरथ (ट्रेनर) महिला आरक्षक तुलसी चंद्रवंशी (महिला ट्रेनर), एवं एस.एस.सी. जी.डी. लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उपस्थित चयनित पुरुष वर्ग पोखराज चंद्रवंशी/ रिध्रराम, भूपेंद्र चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी/ शैलेंद्र चंद्रवंशी, रामू चंद्रवंशी/ जलसी चंद्रवंशी, देवेंद्र मरकाम/ शुवला मरकाम, परस कुमार साहू, हीरालाल, पटेल/आगर राम पटेल, नेतराम साहू / हरिराम साहू, अनिल चौहान / लक्ष्मण सिंह, दिव्यांश / अनतराम भारती, नेमसिंह धुर्वे / रामजी धुर्वे, हिमांशु गंधर्व / रुद्रमणि गंधर्व,प्रेमसिंग टेकाम/ ईश्वर सिंह,मुनीराम चंद्रवंशी / दिलीप चंद्रवंशी, परस कुमार साहू/ जनीराम, भोलाराम / जलेश्व चंद्रवंशी,प्रदीप बंजारे/ खुलनदास बंजारे,ताम्रध्वज पटेल / रामजी पटेल,सागर श्रीवास/ सुनील श्रीवास, संजय कुमार/ भागवत प्रसाद,अमन कुमार टंडन/श्री विजय टंडन,करण कुमार साहू श्री लेखनलाल साहू,फलित राम /श्री महावीर साहू,कपिल साहू /श्री खेलू राम साहू,ललित साहू /श्री जयराम साहू,कुलेश्वर साहू/ श्री रामफल साहू,हुमेश कुमार पात्रे/ श्री प्यारेलाल पात्रे,रंजीत धुर्वे / श्री बोयश धुर्वे,देवेंद्र साहू/ श्री गौकरण साहू,रामसागर पटेल/ श्री भुवन पटेल,रामनाथ योगी / श्री भागवत नाथ,मुकेश कुमार पात्रे / श्री गणेश पात्रे, नरेश कुमार /श्री बरानातीराम,परस कुमार साहू /श्री जानीराम, करनकुमार धुर्वे /श्री रामकुमार। चयनित महिला वर्ग-रामकली पटेल/ श्री आगरराम,सरस्वती योगी/ श्री घनस्याम योगी,भारती पटेल/ श्री टेकराम पटेल,पूनम माथुर/ श्री रज्जू माथुर,रामेश्वरी नेताम/ श्री रामसिंह, सुरेखा घृतलहरे/ श्री मानकदास,पल्लवी साहू/ श्री गंगाराम,तामेश्वरी साहू/ श्री विद्यानाथ,वंदना चंद्राकर/ श्री परसराम,नमामि सिंह /श्री रामानुज सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तीर्थंकर श्री सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक मनाया गया



**रायपुर 18 अप्रैल।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में श्री सीमंधर स्वामी परमात्मा का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया गया । परमात्मा के जन्म पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान का पालना झुलाकर असीम आनन्द का अनुभव किया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि तीर्थंकर परमात्मा जब माता के गर्भ में पधारते हैं तब मातारानी 14 महास्वप्न देखती है । 14 महास्वप्नों को बधाने व पूजा का जैन धर्म में विशेष महत्व है । तीर्थंकर की माता द्वारा वर्णित 14 महास्वप्नों को बधाने व पूजा का लाभ लेने वाले परिवार निम्नानुसार हैं , श्वेत हस्ती तिलोकचंद शांतिलाल अशोक बरड़िया , श्वेत वृषभ डॉ अजय चोपड़ा , सिंह ममता दर्श जैन , लक्ष्मी जी तिलोकचंद शान्ति अशोक बरड़िया , सुगंधित दो पुष्प मालाएं मनोज कविता कोठारी , पूर्ण चन्द्र पदम् चंद कमल गोलेछा , उदय होता सूर्य उम्मेदमल झाबक , लहराती ध्वजा जय कुमार पंकज भरत बैद , कमल पत्र से ढके दो स्वर्ण कलश संतोष सरला बैद , पद्म सरोवर ललिता माण्डोत , क्षीरसागर महेन्द्र कुमार तरुण कुमार कोचर , स्वर्ग विमान राजेश जी करुणा कुशल सिंघी , रत्नों की राशि टोडरमल सुरेश कुमार कांकरिया , निरधुम अग्नि विजय कुमार विकास जी पायल सिद्धांत बैद ( लंदन ) , कल्प वृक्ष गुलाब चंद चंचल देवी विकास पारख राजनांदगांव ने महास्वप्नों का पूजन किया । श्री सीमंधर स्वामी जन्मकल्याणक अवसर पर पालना जी का लाभ लक्ष्मी बाई , मूलचन्द , अशोक कुमार लुंकड़ परिवार , भैरव सोसायटी , रायपुर वालों ने लिया रात्रि में पालना जी की भक्ति सह दादागुरुदेव इक्तिसा की अनुपम अदभुत प्रस्तुति खरतरगच्छ महिला परिषद सीमंधर महिला मण्डल ने श्रद्धालुओं की ताली बटोरी ।

### एडटेक प्लेटफार्म ने भिलाई में विद्यापीठ का शुभारंभ किया

**भिलाई 18 अप्रैल।** भारत के सबसे किफायती और पसंदीदा एडटेक प्लेटफॉर्म ने आज भिलाई में अपना विद्यापीठ केंद्र लॉन्च किया। भिलाई से पहले संस्थान ने जयपुर, सिलीगुड़ी, सूरत, भुवनेश्वर, दिल्ली, रांची, पुणे और अहमदाबाद भी एक-एक विद्यापीठ खोला है। भिलाई विद्यापीठ का उद्घाटन भिलाई विधायक, देवेंद्र यादव ने किया। भिलाई के साथ साथ छत्तीसगढ़ में बिलासपुर विद्यापीठ मोजूद है। यह एडटेक स्टार्टअप पहले से ही देश भर के विभिन्न शहरों में 11 विद्यापीठ केंद्र चला रहा है और इन नए उद्घाटनों के साथ यह छात्रों के लिए विकल्पों की व्यापक रेंज को जोड़ने जा रहा है, ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए अपने शहर को छोड़ना न पड़े। विद्यापीठ केंद्र भारत के अग्रणी प्रौद्योगिकी-सक्षम ऑफ़लाइन कोचिंग संस्थान हैं, जिनमें अभिभावक-छात्र डैशबोर्ड, वीडियो समाधान और 3डी मॉडलिंग जैसी सुविधाएं हैं, जिनमें अनुभवी शिक्षक अग्रणी हैं।

### एक्सिस बैंक ने को-लेंडिंग मॉडल के तहत साझेदारी की घोषणा



**रायपुर 18 अप्रैल।** देश में निजी क्षेत्र में तीसरे सबसे बड़े बैंक एक्सिस बैंक और एक प्रमुख अफोर्डेबल हाउसिंग फाइनेंस कंपनी श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने आज प्लेटफॉर्म के माध्यम से को-लेंडिंग मॉडल के तहत एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के माध्यम से, दोनों ऋणदाता ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित मध्यम और निम्न-आय वर्ग के उधारकर्ताओं को सुरक्षित एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) ऋण और गृह ऋण प्रदान करेंगे। इस साझेदारी के तहत फाइनेंस सेक्टर में एक्सिस बैंक की गहरी विशेषज्ञता और श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ऋण प्रोसेसिंग टैक्नोलॉजी का लाभ उठाते हुए उधारकर्ताओं की क्रेडिट प्रोफ़ाइल का आकलन किया जा सकेगा। साथ ही उन्हें श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की 123 शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर ऋण प्रदान किया जा सकेगा। यह साझेदारी उन संभावित ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेगी जो या तो क्रेडिट के लिए नए हैं या बड़े संस्थानों की जिन तक पहुंच नहीं है। लोन की प्रक्रिया को आसानी से पूरा करने के लिए सहयोगी टेक प्लेटफॉर्म यूबी की सेवाओं का फायदा उठाया जाएगा।

# युवाओं को रोजगार दिलाने आईटीआई का होगा उन्नयन: मुख्यमंत्री

## आईटीआई के उन्नयन के लिए बजट में 1200 करोड़ रुपये का प्रावधान

**रायपुर, 18 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि युवाओं के रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए इस वर्ष बजट में आईटीआई के उन्नयन हेतु 1200 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इससे आईटीआई में रोजगार परक नये कोर्स का संचालन किया जाएगा। जिससे युवाओं को आसानी से रोजगार मिल सकें। इसी तरह रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों के भी शहरी इंडस्ट्रीयल पार्क प्रारंभ किए जाएंगे। श्री बघेल आज रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के नगरवासियों से भेंट-मुलाकात में रूबरू होने के बाद संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई में बेहतर अवसर दिलाने के लिए नये-नये मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किये जा रहे हैं। हाल में ही चार नये मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई है। इसे मिलाकर अब 14 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे। मेडिकल की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या भी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। जिला अस्पतालों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आसानी से चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना का लाभ 82 लाख लोगों को मिल चुका है।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, रायपुर उत्तर विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, नगर निगम महापौर श्री एज़ाज़ ढेबर, नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में त्रिमूर्तिनगर वीरांगना अवंति बाई वार्ड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के रूप में उन्नयन करने और गंगानगर कुष्ठ बस्ती का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की। इसी प्रकार लाल बहादुर शास्त्री वार्ड राजातालाब के अरमान नाले को कवर्ड कराने, कालीमाता वार्ड में राजीव नगर नाले का निर्माण और 50 वर्ष पुराने जवाहर-गांधी उद्यान का सौंदर्यीकरण कराने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने लोगों की मांग पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड क्रमांक 31 में भावना नगर में यश मेन्स सैलून से चिल्फी हाईट्स तक, माँ दुर्गा ड्राईक्लीनर से सांई सिमरन सिटी तक, भावना नगर में राठौर कॉलोनी में श्रीरामनगर फेस 1 की गली नंबर 01, 02, 03, 04, 05, 06 में डामरीकरण कराने की स्वीकृति दी। इसी प्रकार वार्ड 33 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड में-कविता नगर में नेताजी होटल से उप मुख्य लेबर कमिश्नर ऑफिस और एस्थेटिक इंस्टिट्यूट तक-भारत माता चौक से पाणीग्रही के घर तक, - गीतांजली नगर में काशी अपार्टमेंट मार्ग और अन्य प्रमुख मार्गो का डामरीकरण कराने की घोषणा की। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में लोगों से चर्चा के दौरान श्रीमती सुषमा यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत उन्हें लाभ मिला है। अपनी झोपड़पट्टी को पक्का मकान बनाने का सपना देख रहे थे, वह पूरा हो गया है। श्रीमती सुषमा यादव ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कुमारी ज्योति साहू को बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई के फीस के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए प्रदान करने की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात के दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों से भी रू-ब-रू हुए। बच्चों से बातचीत की। बीपी पुजारी अंग्रेजी माध्यम की छात्रा एलिसा मसीह ने बताया कि मैं छठवीं कक्षा में थी तो पिता जी का देहांत हो गया था। घर की परिवार की स्थिति ठीक नहीं थी। किन्तु राज्य सरकार की स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना के अंतर्गत मुझे अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दाखिला मिला। एलिसा ने मुख्यमंत्री को बेहतर शिक्षा की सुविधा दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। अर्पिता गुप्ता ने बताया कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में लाईब्रेरी, लैब, खेल मैदान आदि की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# आयुक्त ने ली जल विभाग के अधिकारियों की बैठक

- जल प्रदाय की अद्यतन स्थिति की ली जानकारी
- तकनीकि अधिकारियों को अपने प्रभारित वार्ड में पेयजल व्यवस्था की
- सतत मानिटरिंग के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आज अपने कक्ष में जल विभाग के तकनीकी अधिकारियो एवं अमृत मिशन के अधिकारियो की बैठक लेकर पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली तथा अमृत मिशन के शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करे जिससे ग्रीष्म ऋतु में पेयजल के लिये लोगों को परेशानी न हो।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बैठक में कहा कि फीडबैक के आधार पर कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त पानी नहीं आने की जानकारी मिली है। इसके अलावा कही कही गंदे पानी आने की शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि निगम के तकनीकि अधिकारी एवं अमृत मिशन के अधिकारी शहर के ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुचारू पेयजल के लिये कार्य करे, ताकि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। किसी भी क्षेत्र से शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल निराकरण किया जावे।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि अमृत मिशन के शेष कार्यो में तेजी लाकर कार्य अविलंब पूर्ण किया जावे, साथ ही जिन क्षेत्रों में कार्य चल रहा है वहॉ इस बात का ध्यान रखा जाये कि पेयजल व्यवस्था प्रभावित न हो, क्योकि ग्रीष्म ऋतु में पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में पेयजल व्यवस्था की सतत मानिटरिंग करे और पानी सप्लाई के समय देखे की पर्याप्त पानी निर्धारित समय तक सप्लाई हो रही है या नहीं, किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित निराकरण करे एवं इससे जल विभाग के अधिकारियों को अवगत करावे। साथ ही जिन पार्षदों, जनप्रतिनिधियों या नागरिकों द्वारा पानी संकट की शिकायत प्राप्त होती है, उसका त्वरित निराकरण किया जावे।

इसके अलावा मरम्मत संबंधी सभी आवश्यक समाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किया जावे और शिकायत पर तत्काल मरम्मत किया जावे, ताकि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट न हो। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके, जल विभाग के सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम व श्री दीपक अग्रवाल, अमृत मिशन पी.डी.एम.सी के डी.टी.एल. श्री विकास मैगी तथा उप अभियंतागण व अमृत मिशन के अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्राहकों के लिए एकमुश्त समझौता योजना-23 लागू

**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव में शामिल हुए जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के लिए एकमुश्त समझौता योजना 2023 लागू की गई है। जिसके तहत ऋणी किसान एवं ग्राहक जिनका भुगतान शेष है, इस योजना का लाभ लेकर ऋण मुक्त हो सकते हैं। राजनांदगांव बैंक के बोर्ड बैठक 13 अप्रैल 2023 में स्वीकार किया गया है कि जो ऋणी किसान इस योजना में शामिल होंगे, वह अपने ऋण राशि का 25 प्रतिशत जमा कर सकते हैं। शेष 75 प्रतिशत इन्हें 10 माह में 10 सामान किस्तों में भुगतान करना होगा। यह योजना 31 मार्च 2024 तक के लिए है। पूर्व एलडीबी बैंक के ऋण जो 31 मार्च 2022 की स्थिति में 6 वर्ष से अधिक पुराने हैं, ऐसे ऋण इसमें शामिल किये गये हैं। योजना को क्रियान्वित करने के लिए एक सलाहकार कमेटी का गठन किया गया है। जो आवेदन पत्रों का परीक्षण करेगी। बैंक के सभी शाखाओं एवं सेवा सहकारी समितियों को इस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निर्देशित किया गया है। समिति एवं बैंक शाखा स्तर पर ऐसे ऋण की सूची तैयार की जा रही है। जो भी कृषक एवं ग्राहक जिनके ऋण भुगतान शेष है ।

### मुख्यमंत्री मितान योजना की बढ़ रही लोकप्रियता



**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** मुख्यमंत्री मितान योजना की शहरी क्षेत्रों में लोकप्रियता बढ़ रही है। सुगमता से नागरिकों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज मितान के माध्यम से सुगमतापूर्वक घर पहुंच सेवाएं मिल रही है। नागरिकों ने इस योजना में विशेष रूचि दिखाई है। नागरिक टोल फ्री नंबर 14545 पर सम्पर्क कर शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने के संबंध में जरूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं। इस योजना से लाभान्वित हितग्राही श्री राज रावत ने बताया कि उन्हें अपने 1 वर्ष के बच्चे का आधार कार्ड बनवाना था। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना के लिए दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके इसके संबंध में जानकारी ली। जहां उन्हें इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। जिसके बाद मितान उनके घर आए और इसके लिए सारी प्रक्रिया पूर्ण की। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बहुत अच्छी योजना है इस योजना के तहत दी जाने वाली सेवाओं के लिए हमें अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिससे लोगों का कीमती समय और राशि दोनों की बचत होगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को तहे दिल से धन्यवाद कहा। राजनांदगांव के श्री जितेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि इस योजना से उन्होंने आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाया है। साथ ही अपनी बेटी कुमारी प्रियल का आधार कार्ड बनवाया है। उन्होंने कहा कि मितान योजना के माध्यम से सेवाएं प्राप्त हुई हैं और नगरीय क्षेत्रों में इसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। वे अपने आस-पास के परिचित सभी लोगों को इस योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरूक करेंगे। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले में इस योजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत लगभग 4 हजार 583 से अधिक लोगों ने घर बैठे ही अपने जरूरी शासकीय दस्तावेज प्राप्त कर किए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से राज्य के शहरी निवासी 14 प्रकार के जरूरी सरकारी दस्तावेज मितानजनों के माध्यम से घर बैठे ही बनवा सकते हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 14545 जारी किया गया है। मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत नागरिक अपना जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, मूल निवासी प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज, भूमि की रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना, आधार कार्ड पंजीकरण, 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड और पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, पैन नम्बर प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र, पैन अपडेट एवं डुप्लीकेट इत्यादि सेवाएं मितानजनों के माध्यम से घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं।

# डॉ लेख राम निर्मलकर बने धोबी समाज के जिलाध्यक्ष

- शांति से संपन्न हुआ धोबी समाज का चुनाव
- धोबी समाज में हर्ष का माहौल।
- जिला अध्यक्ष जिला कोषाध्यक्ष एवं जिला सचिव पद के लिए हुआ चुनाव।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव18 अप्रैल।** जिला झेरिया धोबी समाज राजनांदगांव के तत्वाधान में 3 पद जिला अध्यक्ष जिला कोषाध्यक्ष एवं जिला सचिव पद के लिए 16 अप्रैल दिन रविवार को दीनदयाल नगर स्थित समाज के भवन में सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया के बाद शाम 4:00 बजे चुनाव का परिणाम समाज के निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित किया गया। जिला झेरिया धोबी समाज द्वारा आयोजित चुनाव के परिणाम के बाद जिला अध्यक्ष पद के लिए डॉ लेखराम निर्मलकर निवास भर्रेगांव एवं जिला सचिव पद के लिए रोहित निर्मलकर निवास किरगाहा टोला एवं जिला कोषाध्यक्ष पद के लिए योगेश्वर निर्मलकर निवास बैगाटोला भारी बहुमत से निर्वाचित हुए।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया द्वारा संपन्न हुआ चुनाव के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकर ने चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों सहित सामाजिक बंधुओं एवं प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग एवं अपना कीमती मत प्रदान किया उन्हें साधुवाद करते हुए चुनाव जिताने के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉक्टर लेख राम निर्मलकर ने कहा कि सामाजिक बैठक कर अतिशीघ्र नवीन बायलाज बनाकर समाज के कानून व्यवस्था को दूरस्थ किया जाएगा प्रतिवर्ष सामाजिक बैठक साल में हर 3 माह में आयोजित किया जाएगा जिसमें आप समस्त क्षेत्र अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य हमेशा उपस्थित रहने का आग्रह किया प्रतिवर्ष संत गाडगे महाराज जी का जयंती समस्त परिक्षेत्र में मनाया जाना चाहिए जिससे एक दूसरे का मेल मिलाप होता रहे और समाज में एक अच्छा संदेश जाए जो राजनांदगांव छत्तीसगढ़ प्रदेश में अपना एक पहचान बना सके। इस दौरान जिला झेरिया धोबी समाज राजनांदगांव के 17 परिक्षेत्र के सामाजिक बंधु एवं सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### धामनसरा पूमा शाला में विदाई समारोह आयोजित

**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** समीपस्थल धामनसरा में शासकीय पुर्व माध्यमिक शाला में कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं को विदाई समारोह रखा गया जिसके मुख्य अतिथि योगेंद्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य धामनसरा विशेष अतिथि लोकेश गंगवीर सरपंच धामनसरा कृष्ण पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति चुम्मन निषाद पूर्व सरपंच नारायण दास वैष्णव के अतिथि में विदाई समारोह रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन कहां अभी युवा अवस्था में पढ़ाई लिखाई के साथ सा खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम समाजिक कार्यो में युवाओं जरूरत होता है जो आगे चलकर देश को शसक्त बनाने में बड़ी योगदान रहता है तथा गुरु जन को आदर्श मानकर पथ आगे गति प्रगाति की चलना चाहिए अनुशासन जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है जिससे समय के साथ उपयोग करने पर हर मनुष्य को प्रगति को ओर ले जाता है समय और अनुशासन नहीं रहने पर जीवन में बछतावा ही मिलता है नवाचार करने के जिलाधीश महोदय धन्यवाद भी दिया जन सहयोग से स्मार्ट टीवी के लिए पाठशालाओ गौरवशाली रहा जिससे बच्चों तकनीकी शिक्षा जानकारी होगा कक्षा सातवीं एवं कक्षा के छात्र छात्राओं ने आठवीं छात्र छात्राओं गिफ्ट एवं पेन दिया तथा अपने अनुभव को सभी के सामने रखा प्रधान पाठक चंदनसिंह भरतदावज शिक्षक जीवन लाल बेलसरिया माधो उइके ओमप्रकाश साहु नीतू चौरासिया उर्वशी चंद्राकर सीमा यादव उपस्थित रहा।




### कांग्रेस के लबरा सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकना है:भाजपा




**नगरी-सिहावा 18 अप्रैल।** विधानसभा के भाजपा मंडल मगरलोड की आवश्यक बैठक रखी गई थी जिसमें बूथ सशक्तिकरण को लेकर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का 100 वां एपिसोड सुनने के लिए प्रत्येक बूथ में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जहां पर 100 की संख्या में मन की बात सुना जाना है उसकी तैयारी एवं आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाई गई जिसमे प्रमुख रूप से राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा श्री मति पिंकी शिवराज शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ सरकार कर्ज से डूब चुकी है विकास का नामोनिशान नहीं जिधर देखो गौठान के नाम से भ्रष्टाचार हो रहा है जहां से कमीशन ज्यादा मिलता है सिर्फ वही काम होता है। पूरे प्रदेश में सड़क एवं गांव का विकास कार्य निर्माण कार्य पूरा ठप पड़ा है। ऐसे सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकना है।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा, मंडल अध्यक्ष विजय यदु, महामंत्री यवन साहू, विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू, मंडल उपाध्यक्ष द्वय टीकम साहू, चित्रसेन प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्वशी साहू,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य द्वय नंदनी सिन्हा, कविता यादव, महिला मोर्चा जिला कार्य.सदस्य राधा साहू, महामंत्री भानुप्रिया साहू, उपाध्यक्ष गैंदाबाई साहू, नेता प्रतिपक्ष दुर्गा

# तहसील स्तरीय संत शिरोमणी सेन जयंती में शामिल हुए रविन्द्र वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 18 अप्रैल।** सेन समाज के तत्वाधान मे तहसील स्तरीय संत शिरोमणि सेन महराज की जयंती समारोह आयोजित किया गया भव्य शोभा यात्रा निकालकर संत सेन महाराज जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारभ इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने समाज के स्वजातीय बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि हमे समाज को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिये संगठन एक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है संत के बताएं मार्ग पर चलने की बात पर जोर दिया गया कार्यकम में स्वागत उदबोधन सर्व सेन समाज के तहसील अध्यक्ष शेखर



भारतद्वाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हल हमारी समाज सेवा भावी समाज संत सेन महराज के जीवनी हम सब के प्रेरणादाई है उन्होंने संत सेन जी महराज के महिमा को विस्तार से समाज के बीच रखा कार्यक्रम का संचालन विजय भारतद्वज द्वारा किया गया इस अवसर सरपंच ग्राम पंचायत मोहगाव संजीव तुमरेकी ,ग्राम पटेल ,रामेश्वर चंद्रवंशी,खेमचंद साहू जनपद पंचायत प्रतिनिधि,सुरेश साहू पूर्व सरपंच दामा बंजारी, रोहित सेन,जय करण सेन,बिजेक सेन,पुनीत भारद्वाज,नीलकंठ सेन,सोना राम सेन, पुरन सेन,देवकुमार सेन सेलून संघ अध्यक्ष,उत्तम सेन,रोहित सेन,जगदीश सेन, चुनू राम सेन,परमाल एस एन,दयाशंकर सेन,ईश्वर सेन,मदन सेन,सुरेश सेन,दानी सेन, ट्रुमन सेन,रूपेंद्र सेन, भीष्म सेन आरती सेन,संतकुमार,सुरेंद्र सेन,धनेश तुलू राम प्रकाश सेन,अशोक सेन सहित एस एन समाज पदाधिकारी सामाजिक बंधु ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अवैध शराब बिक्री करने वालों पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** विवरण श्रीमान् पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव श्री अभिषेक मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री. लखन पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के अभियान के तहत दिनांक 16/04/2023 को थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र धर्मा के नेतृत्व पर थाना स्टाफ व पेट्रोलिंग को ग्राम सुकुलदैहान की ओर रवाना किया गया था कि ग्राम सुकुलदैहान में अलग-अलग जगह पर शराब बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर रवाना टीम द्वारा समक्ष गवाहन घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया आरोपीगणो विरुद्ध थाना लालबाग में अपराध कमाक 118/2023 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट, अपराध क्रमांक 119/2023 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट अपराध कमांक 120/2023 धारा,




34(1) आबकारी एक्ट अपराध क्रमांक 121 / 2023 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट कायम कर वैधानिक कार्यवाही। किया गया।

(01) अवधेश ठाकुर पिता जमुना ठाकुर उम्र 45 साल साकिन भागधेरा थाना बागवेरा जिला जमशेदपुर आरखंड हॉल ग्राम सुकुलदैहान के कब्जे से 15 नग देशी लेन मदिरा कीमती 1200 रुपये बिकी रकम 370 रूपये जुमला कीमती 1570 रूपये जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। (02) मोहित यादव पिता सुंदरलाल यादव उम्र 43 साल साकिन बम्हनीटोला थाना लालबाग के कब्जे से 13 पौवा देशी प्लेन मदिरा कीमती 1040 रूपये व बिकी रकम 250 रूपये जुमला कीमती 1290 रुपये, जप्त कर लालबाग के कब्जे से 13 पौवा देशी प्लेन मंदिरा कीमती 1040 रूपये व बिकी रकम 530 रूपये जुमला कीमती 1570 रूपये जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। (04) संजय देवांगन पिता स्व0 सुधारू राम देवांगन साकिन बम्हनीटोला थाना लालबाग के कब्जे से 17 पौवा अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब कीमती 2040 रूपये व बिकी रकम 480 रूपये जुमला कीमती 2520 रुपये जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# कुरूद नवोदय विद्यालय में विज्ञान ज्योति पार्क और ओपन जिम का किया उद्घाटन

**कुरूद 18 अप्रैल।** जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद धमतरी में दिनांक 17 अप्रैल 2023 को विज्ञान ज्योति पार्क एवं ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के लिए वार्ड पार्षद श्री उत्तम साहू जी को आमंत्रित किया गया था विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार विद्यार्थी एवं वार्ड पार्षद के हाथों से उद्घाटन किया गया। पार्क एवं ओपन जिम की स्थापना में विद्यालय के शारीरिक विज्ञान शिक्षक डॉ0 मनीष शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।सभी बच्चों एवं सभी कर्मचारियों ने तन और मन से दोनों की स्थापना और विकास में पूरा सहयोग दिया है। विज्ञान ज्योति पार्क में जीव विज्ञान से संबंधित अध्ययन हेतु राजहंस एवं कछुआ के निवास हेतु व्यवस्था की गई है वहीं अन्य सौंदर्य वर्धक वृक्षों- पौधों को भी लगाया गया है। आगे



इस पार्क में भौतिक विज्ञान से संबंधित कुछ मॉडल भी लगाने की योजना है। इस पार्क का उद्घाटन रुद्राक्ष के वृक्ष को लगाकर किया गया।

इसके साथ ही विद्यालय में ओपन जिम की स्थापना की गई है इसका भी उद्घाटन वार्ड पार्षद एवं विद्यालय प्राचार्य के द्वारा किया गया सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में दोनों कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ समाप्त हुआ इन दोनों सुविधाओं के स्थापना के कारण बच्चों में बहुत उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया ।इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक श्री दनसना, श्री पी.जी बेहरे, श्री बीपी सेन, श्री अनंत, श्रीमती अंजना टोप्पो एवं श्रीमती अनामिका विद्यार्थी सहित समस्त शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

वार्ड पार्षद श्री उत्तम साहू जी ने विद्यालय के विकास के लिए यथासंभव सहयोग की बात कही एवं विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास को लेकर प्रसन्नता जाहिर की।

संपादकीय

# कुछ सेकंड में काम तमाम

जो जैसा करता है, उसे उसका फल भुगतना पड़ता है। कर्म फल अटल है, उससे कोई बच नहीं सकता।राजा हो रंक सबको अपने कर्म का फल यही भोगना होता है। तुमने किसी को मारा है तो तुम्हें भी कोई मारने वाला इस दुनिया में कहीं पर होगा। जब तुम्हारी दिन पूरे हो जाएंगे तब वह तुम्हारे सामने आएगा और तुम उसे पहचान भी नहीं पाओगे कि यह तुम्हारी मौत है। यूपी के प्रयागराज का सबसे बड़ा माफिया भी अपनी मौत को पहचान नहीं सका। वह अपने आखिरी दिनों में मीडिया का बड़ा एहसान मान रहा था कि मीडिया के कारण ही वह जिंदा है, यदि मीडिया उसका साथ नहीं देता तो उसे अब तक मार दिया गया होता। अतीक अहमद सोचता था कि उसे पुलिस ही एनकाउंटर में मार देगी। वह गुजरात से यूपी लाया जाता था तो वह डरा हुआ रहता था, वह मीडिया से कहता था कि उसे मार दिया जाएगा लेकिन उसकी मौत पुलिस एनकाउँडर में नहीं लिखी थी। उसकी मौत अनजान लोगों को हाथों लिखी थी। अनजान लोगों ने उसे मीडिया की भीड़ में पत्रकार बन कर उसके करीब गए और कनपटी पर पिस्तौल रखख गोली मार दी। एक गोली मारने के बाद वह रुके नहीं, अतीक व उसके भाई अशरफ पर लगाताक गोली चलाते रहे। हमलावरों ने 18 गोली मारने के बाद सरेंडर कर दिया। अतीक के चालीस साल के आंतक का राज चालीस सेकंड में अनजान तीन लोगों ने समाप्त कर दिया। किसी ने नहीं सोचा था कि जिस अतीक के सामने पूरा यूपी खड़ा नहीं हो पाता था, पुलिस व प्रशासन जिसके सामने असहाय हाथ बांधे खड़ा रहता था, जिस अतीक का केस जज सुनने से मना कर देते थे, जिस अतीक को राजनीतिक दल अपनी पाटी में शामिल करने को हमेसा तैयार रहते थे, उसे सांसद व विधायक बनाने को तैयार रहते थो। उस अतीक का ऐसा बुरा अंत होगा। अतीक ने खुद 17 साल की उम्र में पहली हत्या की थी। उसकी हत्या करने वाले भी कम उम्र के ही लोग हैं। आज कई राजनीतिक दल अतीक की पुलिस कस्टडी मे हत्या करने पर यूपी सरकार की आलोचना कर रहे हैं। उनकी आलोचना सही है कि पुलिस की कस्टडी में किसी की हत्या नहीं होनी चाहिए। अतीक की हत्या पुलिसिया चूक का परिणाम है। ऐसी चूक इसलिए हुई कि कोई सोच नहीं सका कि अतीक की हत्या कोई पत्रकार के रूप में आकर कर देगा। हत्या करने वाले जानते थे कि अतीक व अशरफ के करीब पत्रकार बनकर ही जाया जा सकता है, इसलिए उन्होंने पत्रकारों की भीड़ का फायदा उठाया और पत्रकारों के साथ अतीक व अशरफ के करीब जाकर उनकी हत्या कर दी। हत्यारों ने जिस पिस्तौल से हत्या की है, वह उनकी खरीदने की औकात नहीं थी, बताया जाता है कि जिस पिस्तौल से हत्या की गई है, वह लाखों रुपए की आती है तथा यह भारत में नहीं मिलती है,यह टर्की में बनती है। युवकों को पिस्तौल जिसने मुहैया कराया है, उसका पता चलने पर ही यह साफ हो सकेगा कि हत्या किसने करवाई है। युवकों के बयाने के अनुसार तो यह माना जा रहा है कि तीनों ने बड़ा माफिया बनने के लिए अतीक अहमद की हत्या की है, सवाल उठता है कि उन्हें तो सजा होगी तो वह बड़ा माफिया कैसे बने सकेंगे। जेल के भीतर से तो वह बड़ा माफिया नहीं बन सकते। जिसने भी अतीक की हत्या करवाई है, उसका पता अभी चला नहीं है लेकिन देर सबेर लग जाएग। हत्या किसी की भी हो वह गलत है लेकिन कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि देश,समाज व जनता के कल्याण के लिए ऐसे कदम उठाने पड़ते हैं जो गलत लगते हैं लेकिन बुराई के अंत के लिए ऐसे कटम उठाना जरूरी होता है। एनकाउंटर ऐसा ही कदम है। जब अपराधी पुलिस पर हमला करे तो यह उसकी गलती होती है, वह अपन गलती से मारा जाता है। यूपी में माफिया राज के समाप्त करने के लिए जरूरी था कि माफिया का मिट्टी में मिलाने का साहस किसी में हो। यह साहस योगी में है। उन्होंने माफिया को मिट्टी में मिलाकर दिखाया है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। अपने जीवन-साथी के साथ प्यार, अपनापन और स्नेह महसूस करें।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**

किसी पुराने दोस्त से मुलाक़ात आपका मन ख़ुश कर देगी। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। ग्लानि और पछतावे में वक़्त बर्बाद न करें, बल्कि ज़िन्दगी से सीखने की कोशिश करें। आज प्यार की मदहोशी में हक़ीक़त और फ़साना मिलकर एक होते मालूम होंगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**

आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल किया जाना चाहिए। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। आपकी भरपूर ऊर्जा और ज़बरदस्त उत्साह सकारात्मक परिणाम लाएंगे व घरेलू तनाव दूर करने में मददगार रहेंगे।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

आज आपको अपना धन खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि घर का कोई बड़ा आज आपको धन दे सकता है। दोस्त और जीवनसाथी आपके लिए सुकून और ख़ुशी लेकर आएंगे। खीज और चिढ़चिढ़ेपन के अहसास को ख़ुद पर छाने न दें।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**

आप अपने काम पर एकाग्रता बरक़रार रखने में दिक़्क़त महसूस करेंगे। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है , कुल मिलाकर फ़ायदेमंद दिन है।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**

आज का दिन उम्दा है, आज के दिन अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर फर्माएं। आपकी ओर से समर्पित दिल और बहादुरी का जज़्बा आपके जीवन-साथी को ख़ुशी दे सकता है।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**

आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। ऐसे लोगों से जुड़ने से बचें जो आपकी प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकते हैं। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**

आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फ़ायदा देंगे। आज आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

आज ख़ुद को उत्साही बनाए रखने के लिए अपनी कल्पनाओं में कोई ख़ूबसूरत और शानदार तस्वीर बनाएँ। दिन की शुरुआत भले ही अच्छी हो लेकिन शाम के वक्त किसी वजह से आपका धन खर्च हो सकता है ।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**

आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है लेकिन ऐसा हो सकता है कि अपने गुस्सैल स्वभाव के कारण आप पैसा कमाने में सक्षम न हो पाएं। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीज़ें दिलाएगी। धार्मिक कार्यों में रूचि बढेगी। सामाजिक दायरा बढ़ाने में सक्षम होंगे ।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**

आज आपका दिन बेहतर रहेगा । निराशावादी रवैये से बचें क्योंकि यह आपकी संभावनाओं को कम कर देगा। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। कोई चिट्ठी या ई-मेल पूरे परिवार के लिए अच्छी ख़बर लाएगी।

# देश में एनकाउंटर कहीं भी हो सवाल उठते आए हैं?

गंभीर मुद्दा

विनीत नारायण

जिस तरह हर सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी तरह कुछ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के घमंड और कभी-कभी उसके भ्रष्टाचार के चलते हर पुलिस एनकाउंटर को शक की निगाह से ही देखा जाता है। ख़ासकर जब राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के पाले हुए गुंडों का एंकाउंटर होता है तब तो जनता के मन में ऐसे ही सवाल उठते हैं कि ऐसे सभी एनकाउंटर फ़र्ज़ी होते हैं। परंतु सच्चाई तो जाँच के बाद ही सामने आती है।

उत्तर प्रदेश के व्यापारी आजकल कहते हैं कि योगी राज में मुसलमानों का आतंक ख़त्म हो गया है। इसलिए माफिया डॉन अतीक अहमद के बेटे असद अहमद की एनकाउंटर में मौत का समाचार उन लोगों को सही लगा। मैं एनकाउंटर के विषय में कुछ तथ्य और क़ानूनी पेचीदगियों का ज़िक्र इस लेख में आगे करूँगा। पर यहाँ एक सवाल जो समाजवादी पार्टी ने उठाया है वह भी महत्वपूर्ण है। वो यह कि स्थानिय चुनावों के पहले ही इस एनकाउंटर का क्या अर्थ निकला है? सिवाय इसके कि इस एनकाउंटर की खबर को दिन-रात टीवी चैनलों पर चलवाकर इसका फ़ायदा योगी सरकार को अगले महीने होने वाले निकायों के चुनावों में मिले।

इसलिये सरकार की नीयत पर शक होता है। क़ानून की नज़र में सब बराबर होने चाहिए। किसी अपराधी का कोई जाति या धर्म नहीं होता। इसलिए बिना भय और पक्षपात के अगर प्रदेश के माफ़ियाओं के विरुद्ध योगी सरकार कड़े कदम उठाती है तो उसका स्वागत ही होगा। पर ऐसे कदम सब अपराधियों पर एक समान उठाए जाने चाहिए, जो आज नहीं हो रहा है। हत्या, बलात्कार और पुलिस उत्पीड़न के शिकार कितने ही लोगों को न्याय नहीं मिल रहा। फ़रियादी हताश होकर आत्महत्या तक कर रहे हैं ऐसी खबरें अक्सर सामने आती रहती है।

उत्तर प्रदेश के एक विशेष जाति के माफ़ियाओं की सूची आज कल सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें योगी सरकार से पूछा जा रहा है कि इन माफ़ियाओं के विरुद्ध आजतक 'बुलडोज़रनुमा' कार्यवाही क्यों नहीं हुई? उनमें से किसी का एनकाउंटर क्यों नहीं होता? उत्तर प्रदेश सरकार की इस नीति के विरुद्ध भी बहुत लोगों को आक्रोश है।

एनकाउंटर उमेश पाल की हत्या के आरोपियों का हो या किसी अन्य का जब भी उस पर सवाल उठते हैं तो मामला जाँच कमेटी के पास पहुँचता है। आपको याद होगा कि कुछ ही समय पहले नवंबर 2019 में तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में हुए गैंगरेप और हत्या के चार अभियुक्तों के संदिग्ध एनकाउंटर को सर्वोच्च न्यायालय की जाँच समिति ने फ़र्ज़ी पाया। जाँच समिति द्वारा इन पुलिसवालों पर हत्या का मुक़द्दमा चलाने की सिफ़ारिश भी की गई।

पाठकों को याद होगा कि जब यह एनकाउंटर हुआ था, तब लोगों ने पुलिस का समर्थन करते हुए भारी जश्न मनाया था। जैसा असद व अन्य आरोपियों के एनकाउंटर पर भी हो रहा है। वहीं दूसरी ओर हमेशा की तरह पुलिस एनकाउंटर पर तमाम सवाल भी खड़े हो रहे हैं। प्रायः ऐसा मान लिया जाता है कि पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर फ़र्ज़ी ही होते हैं। एनकाउंटर कब और कैसे होते हैं इस बात पर कोई विशेष ध्यान नहीं देता।

क़ानून की बात करें तो देश में मौजूद भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) दोनों में ही एनकाउंटर का कोई भी ज़िक्र नहीं है। तो फिर सवाल उठता है कि पुलिस एनकाउंटर आख़िर है क्या? यदि कोई भी पुलिसकर्मी आत्मरक्षा में सामने वाले पर गोली चलाता है तो उसे सामान्य भाषा में एनकाउंटर माना जाता है। तो क्या पुलिस किसी भी अपराधी पर आत्मरक्षा में गोली चला सकती है? नहीं ऐसा नहीं है।

जब कभी भी पुलिस को किसी अपराधी के बारे में सूचना मिलती है और वह उसे गिरफ़्तार करने जाती है, तो अगर वो अपराधी आत्मसमर्पण कर देता है तब पुलिस उस पर बल प्रयोग नहीं कर सकती। यदि कोई कुख्यात अपराधी, जिसे उम्र क़ैद या उससे ज़्यादा सज़ा हो सकती है और वो गिरफ्तारी से बचने के लिए भागने का प्रयास करता है और पुलिस उसे पकड़ नहीं पाती, तो उस सूरत में पुलिस उसे ज़ख़्मी करने की नियत से उसके शरीर के किसी भी हिस्से में गोली मार सकती है। प्रायः ये गोली उसकी टांगों में मारी जाती है। जिससे वह ज़्यादा दूर न भाग सके और उसे गिरफ़्तार कर लिया जाए। यदि ऐसे किसी अपराधी के पास कोई जान लेवा हथियार होता है और वो पुलिस पर वार करता है, तो केवल उस सूरत में पुलिस उस पर आत्मरक्षा में गोली चला सकती है।

मुंबई पुलिस के बहुचर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक और प्रदीप शर्मा से जब किसी पत्रकार ने पूछा कि मुंबई में अपराधियों की सफ़ाई के लिए आप दोनो को ही श्रेय दिया जाता है तो, उनका कहना था कि, ÷हम तो अपराधियों को पकड़ने के लिए ही जाते हैं, लेकिन वो जब हम पर वार करते हैं तो हमें भी पलटवार करना पड़ता है।÷ अपराधियों को भी पता है कि यदि वो पुलिस के हत्थे चढ़े तो कई सालों तक जेल के बाहर नहीं आएँगे। इसलिए इन सब से बच कर भागने के प्रयास में वे पुलिस की गोली का शिकार हो जाते हैं। उनके अनुसार 97-98 में जब मुंबई में गैंगस्टरों का आतंक चरम पर था तब सरकार कड़े क़ानून ले कर आई। अपराधी इन्हीं कड़े क़ानूनों से बचने की पुरज़ोर कोशिश में मारा जाता है। इसी के बाद से मुंबई के अंडरवर्ल्ड में एनकाउंटर का भय बढ़ने लगा। कारण चाहे कुछ और भी रहे हों पर मुंबई में गैंगस्टरों का आतंक थमने लगा।

पुलिस एनकाउंटर को बॉलीवुड की कई फ़िल्मों में भी दिखाया गया हैं। जहां ज़्यादातर एनकाउंटर को ऐसे दर्शाया जाता है कि भले ही वो एनकाउंटर फ़र्ज़ी हो, लेकिन जाँच में असली ही पाया जाए। लेकिन यदि किसी भी एनकाउंटर की योजना ग़लत नीयत से की जाती है तो वो आज नहीं तो कल पकड़ा ही जाता है।

इस बात के कई प्रमाण भी हैं जहां फ़र्ज़ी एनकाउंटर करने पर पुलिस वालों को सज़ा भी हुई है। इसका मतलब यह नहीं होता कि सभी एनकाउंटर फ़र्ज़ी होते हैं। जनता में पुलिस पर विश्वास की कमी होने के कारण ऐसी धारणा बन जाती है की ज़्यादातर एनकाउंटर फ़र्ज़ी होते हैं।

एक पूर्व आईपीएस अधिकारी ने दिल्ली में 2008 के बाटला हाउस एनकाउंटर का हवाला देते हुए बताया कि, पुलिस को ज़्यादातर मामलों में इस बात का पता होता है कि वो जहां गिरफ़्तारी करने जा रही हैं वहाँ कितना ख़तरा हो सकता है। ऐसे एनकाउंटर को एक सुनियोजित एनकाउंटर कहा जाता है। ऐसे एनकाउंटर में पुलिस की टीम पूरी तैयारी के साथ जाती है।

बाटला हाउस में सब जानकारी के बावजूद दिल्ली पुलिस के एक बहादुर अफ़सर मोहन चंद शर्मा शहीद हुए थे। पुलिस एनकाउंटर में काफ़ी ख़तरा होता है। पुलिसकर्मी भी घायल होते हैं, परंतु ऐसा मान लेना कि सभी एनकाउंटर फ़र्ज़ी होते हैं सही नहीं। दोषियों को सज़ा देना अदालत का काम होता है न कि पुलिस का। लेकिन पुलिसकर्मी यदि आत्मरक्षा में गोली चलाता है तो उसे हमेशा ग़लत नहीं समझना चाहिए।

एनकाउंटर करने के लिए जिन अनुभवी पुलिसकर्मियों को चुना जाता है, उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाता है। एनकाउंटर जोखिम भरा होता है और ऐसा जोखिम हर कोई नहीं ले सकता। उसके लिए हथियारों को सही ढंग से चलाना और सामने वाले से बेहतर निशाना लगाना आना चाहिए। परंतु ऐसे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रायः विवादों में भी घिरे रहते हैं। जिस तरह हर सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी तरह कुछ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के घमंड और कभी-कभी उसके भ्रष्टाचार के चलते हर पुलिस एनकाउंटर को शक की निगाह से ही देखा जाता है। ख़ासकर जब राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के पाले हुए गुंडों का एंकाउंटर होता है तब तो जनता के मन में ऐसे ही सवाल उठते हैं कि ऐसे सभी एनकाउंटर फ़र्ज़ी होते हैं। परंतु सच्चाई तो जाँच के बाद ही सामने आती है।

# भारतीय बुरी नज़रें उतारता चाइनीज़ नज़र बट्टू

चर्चित मुद्दा

निर्मल रानी



चीन निः संदेह इस समय न केवल विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका से भी हर क्षेत्र में दो दो हाथ करने की तैयारी में जुटा हुआ है। हम चाइनीज़ को अपने ज्ञान अथवा सूचना के अनुसार या भारतीय मीडिया से प्राप्त आधी अधूरी जानकारी के आधार पर चाहे कम्युनिस्ट कहें नास्तिक कहें या विस्तारवादी देश कह कर संबोधित करें परन्तु वैश्विक व्यापार व्यवस्था पर चीन के न केवल विस्तार अपितु लगभग पूर्ण वर्चस्व व नियंत्रण ने यह साबित कर दिया है कि भले ही अनेक देशों की सत्ता,वहाँ के राजनेता अपने देशवासियों में राष्ट्र भक्ति का संचार कर चीन निर्मित सामानों की बिक्री के बायकॉट का राग अलापते रहें परन्तु उन देशों की जनता संभवतः अब चाइनीज़ निर्मित सामानों के इस्तेमाल के बिना रह ही नहीं सकती।



उधर चीन के व्यवसायिक रणनीतिकारों की भी तारीफ़ करनी पड़ेगी कि उन्होंने भी दुनिया की भीड़ रुपी जनता की पसन्दीदगी वाली नब्ज़ बख़ूबी पकड़ रखी है। उदाहरण के तौर पर जो चीन ख़ुद धार्मिक विश्वास या अंधविश्वास ,यहाँ तक कि देवी देवता ,पूजा पाठ,नमाज़ इबादत आदि पर विश्वास नहीं करता परन्तु वही चीन विश्व बाज़ार के माध्यम से दुनिया के सभी धर्मावलंबियों,विश्वासियों व अंधविश्वासियों की लगभग हर ज़रुरत पूरी करने की कोशिश ज़रूर करता है। उदाहरण के तौर पर चीन के शिनजियांग प्रांत में लगभग एक करोड़ 20 लाख वीगर रहते हैं। इनमें से ज़्यादातर मुस्लिम समुदाय के लोग हैं। ख़बरें आती रहती हैं कि चीन किस तरह अपने ही देश के वीगर मुसलमानों पर अत्याचार करता है ,उनको अपने धार्मिक रीति रिवाज मनाने नहीं देता। यहाँ तक कि वीगर मुसलमानों के नरसंहार और उन्हें डिटेंशन सेंटर में बंद कर उन्हें यातनायें देने तक की ख़बरें आती रही हैं। परन्तु वही चीन दुनिया के मुसलमानों का इतना ख़याल करता है कि उनके लिये सिर ढकने की टोपी,नमाज़ पढ़ने का मुसल्ला,जानिमाज़ यहां तक कि अल्लाह का नाम जपने वाली रंग बिरंगी यहाँ तक कि रात के अँधेरे में चमकने वाली तस्बीह तक पूरी दुनिया के इस्लामिक देशों में निर्यात करता है।

इसी तरह भारतीय बाज़ार में दीपावली जैसी देश की सबसे बड़ी बाज़ार व्यवस्था पर चीन अपना नियंत्रण गत लगभग दो दशक से किये बैठा है। छोटी से लेकर बड़ी से बड़ी रंगीन व आकर्षक आतिशबाज़ी हों या लाइट्स या देवी दवताओं की मूर्तियां या पोस्टर्स,धर्मस्थलों पर बिकने वाले छोटे बड़े गिफ़्टआइटम हों या गिफ़्ट हाउसेज़ में बिकने वाले सस्ते से लेकर मंहगे से मंहगे सामान, अधिकांशतः सब चीन निर्मित ही हैं। हद तो यह है कि नज़र बट्टू जैसा अंधविश्वास पूर्ण आइटम जो हमारे देश में एक दूसरे की बुरी नज़र लगने से बचने के उद्देश्य से लोग अपने घरों,दुकानों या अन्य कई जगहों पर लटकाते हैं वह भूत नुमा नज़रबट्टू भी तरह तरह की डिज़ाइन में यानी स्मार्ट नज़रबट्टू भी चीन भारत जैसे देश में बड़ी संख्या में निर्यात कर रहा है। मेड इन चाइना नज़रबट्टू यानी प्लास्टिक के निम्बू व हरी मिर्च भी बाज़ारों में भरे पड़े हैं। इसलिये यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भारतीय लोगों द्वारा अपने ही भारतीयों पर डाली जाने वाली बुरी नज़रें मेड इन चाइना नज़र बट्टू,स्मार्ट भूत और प्लास्टिक के निम्बू व हरी मिर्च उतार रहे हैं।

# कागज़ है कागज़ क्या...

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, व्यंग्यकार

सिग्नल पर सिर्फ बत्तियों के रंग नहीं बदलते, वहाँ आती-जाती गाड़ियों और उनके चालकों के भी रंग बदलते हैं। पक्की और चमचमाती सड़कों की बांहों में लोटने वाली फेरारी, ऑडी, बीएमडब्ल्यू कारों के साथ-साथ भीख मांगने वाले हाथ विकास के बदन पर किसी फोड़े-फुंसी से कम नहीं लगते। यहाँ पर देश का विकास महंगी कारों की ओर निहारता है तो पिछड़ापन भिखारियों के कटोरे में चिल्लर बनकर खनकता है। सच कहें तो अमावस और पूर्णिमा एक साथ देखने का अहसास केवल हमारे देश में ही हो सकता है।

ऐसे ही किसी दिन मेरी गाड़ी सिग्नल पर खड़ी थी। चौराहा इतना भीड़-भाड़ वाला था कि 180 सेकेंड तक वहाँ रुकना था। गाड़ियों का हुजूम देश की बढ़ती जनसंख्या का समर्थन कर रहा था। पदचालक गाड़ियों और गाड़ियाँ पदचालकों की जगह खा रहे थे। जिब्रा क्रॉसिंग तो जिब्राओं के लिए होता है। जब देश में जिब्रा है ही नहीं तो इनके बनाने का क्या मतलब? यह तो सरासर लोगों को बेवकूफ बनाना नहीं तो और क्या है? क्रॉसिंग बनाने का इतना ही शौक है तो कोई गधा क्रॉसिंग बनाते।मैं अब तक समझता था कि व्यापार केवल दुकानों, शॉपिंग मॉलों, रेहड़ पट्टी पर ही हो सकता है। किंतु सिग्नल वाले चौराहे को देखने पर समझ आया कि यह मेरी गलतफहमी है। यहाँ जितना व्यापार होता है उतना ही शायद कहीं ओर होता होगा। कलम, अगरबत्ती, खिलौने, खाने-पीने की चीज़ें, सीजनल वस्तुएँ जैसे पतंग, पिचकारी, झंडे, दिवाली की लाइटें सभी कुछ तो यहाँ बिकता है। ऐसे ही बेचने वालों में एक छह-सात का लड़का मेरे पास आया और कलमें बेचने लगा। मैंने उससे पूछा कि यह तुम क्या कर रहे हो? स्कूल क्यों नहीं जाते? मेरे सवालों की झड़ी के बीच में अचानक से कहीं उसकी माँ आकर कूद पड़ी। बोली ङ्क 'खरीदना है तो खरीदो सहब! बेकार की बातें मत करो!' मैं कुछ कहने ही वाला था कि वह मुझे भांप गयी। वह दूसरी पर छोर पर गाड़ी साफ करने वाले युवक की ओर संकेत करते हुए कहने लगी ङ्क 'पढ़-लिखकर आज के जमाने में लोग कितना कमाते हैं, उससे जाकर पूछो। डिग्री पढ़ा है। लेकिन क्या फायदा? डिग्री से इज्जत बढ़ती होगी, भूख नहीं मिटती। भूख लगने पर खाना खाते हैं, डिग्री के टुकड़े तो नहीं। जो काम आए उसे डिग्री कहते हैं नकारे को कागज़ का टुकड़ा नहीं तो और क्या कहेंगे। इसलिए अपना रास्ता नापो बेकार का ज्ञान मत झाड़ो साहब!' इतना कहते हुए वह अपने लड़के को लेकर इतनी तेजी से मुड़ी कि लड़के के हाथ से दो कलमें गिर गयी। उधर दूसरी ओर बत्ती बदल गयी।

# संभलकर बोलें, शब्द हो सकते हैं सार्थक और विनाशक भी

चिंतन

संजीव ठाकुर

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है वर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो, जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है की युवा पीढ़ी को सदैव कम बोलने, सदाचारी संभाषण देने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है भारत की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक विरासत को सत साहित्य और संतुलित भाषा का मनुष्य तथा समाज के विकास के लिए पर्याय माना गया है।

■ सेहत

# सेहत के बारे में बहुत कुछ बताती है आंखें

आंखें बाहरी दुनिया के दृश्यों को दिखाने के अलावा और सेहत के बारे में भी बहुत कुछ बताती हैं। ये अपनी स्थितियों के जरिए हमारे समग्र स्वास्थ्य का हाल बता सकती हैं। आपकी आंखें मधुमेह से लेकर कोरोना वायरस जैसी महमारी तक विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती चेतावनी संकेत दे सकती हैं। आइए आज हम आपको बताते हैं कि आंखें किन-किन स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती हैं।

एक बार फिर से हर दिन कोरोना वायरस के मामलों में इजाफा हो रहा है और यह बहुत परेशानी पैदा कर रहा है। इसके बुखार, थकान और खांसी जैसे सामान्य लक्षणों से तो हर कोई वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह महामारी आंखों में खुजली भी उत्पन्न करती है। नए कोविड वैरिएंट एक्सबीबी 1.16, जिसे आर्कटुरस के नाम से भी जाना जाता है, इसका मुख्य लक्षण भी आंखों में खुजली होना ही है।

धुंधली नजरें मधुमेह का संकेत दे सकती है। यह एक बीमारी है, जो रक्त में शर्करा के उच्च स्तर के कारण होती है। अनियंत्रित मधुमेह से डायबिटिक रेटिनोपैथी हो सकती है, जिससे आंखों में छोटी रक्त वाहिकाएं रक्त और तरल पदार्थ का रिसाव करती हैं। इसके परिणामस्वरूप धुंधली नजरें और रात में देखने में कठिनाई होती है। अगर आप मधुमेह को लेकर चिंतित हैं तो इन पांच योगासनों को आजमाकर उसे नियंत्रित करने में सफल हो सकते हैं।

कॉर्नियल आर्कस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें कॉर्निया के बाहरी किनारे पर वसा जमा होकर एक ग्रे-सफेद रेखा बनती है। कुछ मामलों में डिपॉजिट एक पूरा घेरा बना सकता है और आंखों का रंग भी बदल सकता है। हालांकि, यह स्थिति आमतौर पर वृद्ध व्यक्तियों में दिखती है। इसी तरह 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों को भी यह पता होना चाहिए कि यह खतरनाक रूप से उच्च कोलेस्ट्रॉल (हृदय रोग) का संकेत हो सकता है।

उभरी हुई आंखें ग्रेव्स रोग का संकेत दे सकती हैं। यह एक ऐसी स्थिति जिसके परिणामस्वरूप थायराइड हार्मोन का अधिक उत्पादन होता है। इसके अन्य लक्षणों में चीजें को दोहरा दिखाई देना, नजरें कमजोर होना, हाथ कांपना, वजन घटना और दस्त शामिल हैं। हालांकि, दवा और सर्जरी जैसे इलाज हार्मोन उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।

## एक नजर

### कोरोना से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील

कांकेर 18 अप्रैल । कोविड-19 वैश्विक महामारी के नियंत्रण व प्रबंधन हेतु भारत सरकार व राज्य सरकार के द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। देश के कुछ राज्यों सहित छत्तीसगढ़ राज्य एवं जिला उत्तर बस्तर कांकेर में कोरोना के संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिसको दृष्टीगत रखते हुए, स्वास्थ्य विभाग जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कोविड-19 से निपटने हेतु उचित सर्वेक्षण जॉच एवं उपचार तंत्र को पूर्णरूप सक्रिय किया गया है। जिले में कोविड-19 पॉजीटिव मरीजों के उपचार हेतु जिला स्तर पर 200 बिस्तरों का डेडिकेटेड कोविड अस्पताल ईमलीपारा कांकेर में पूर्ण रूप से तैयार है एवं प्रत्येक विकासखंड में 50-50 बिस्तरों का कोविड केयर सेंटर आवश्यकतानुसार क्रियाशील किया जायेगा। शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले के समस्त कोविड अस्पतालों एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कोविड पूर्व तैयारी के आंकलन हेतु 10 अप्रैल को मॉकड्रिल आयोजित किया गया था, जिसमें चिकित्सकीय उपकरणों के क्रियाशीलता को जांचा गया, आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है एवं चिकित्सकीय अमलों की उपलब्धता का आंकलन किया गया है। जिले में कोविड-19 टीकाकरण 16 जनवरी 2021 से प्रारंभ किया गया, जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों का शत-प्रतिशत प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज लगाया जा चुका है तथा 99 प्रतिशत नागरिकों को प्रीकॉशन डोज लगाया जा चुका है। प्रीकॉशन डोज की उपलब्धि में कांकेर जिला प्रथम स्थान पर है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने जिले के समस्त नागरिकों से कोविड-19 से बचाव के लिए कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने का अपील किया है। उन्होंने कहा कि मास्क लगाकार घर से बाहर निकले व भीड़-भाड़ वाले इलाके में जाने से बचें, 02 गज दूरी बनाये रखे, साबुन, सेनेटाईजर से बार-बार हाथ धोए, खांसते व छिकते समय मुंह को ढंक ले, उच्च जोखिम समूह के व्यक्ति जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, गर्भवती महिला, 05 वर्ष से कम आयु के बच्चे, उच्च रक्तचाप, डायबीटीज से ग्रसित व्यक्ति, केंसर अथवा किडनी रोग से ग्रसित व्यक्ति, टी.बी., सिकलसेल, एड्स आदि के ग्रसित व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का पूर्ण ध्यान रखे। यदि किसी व्यक्ति को सर्दी-खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, शरीर में दर्द, दस्त व उल्टी होना, सूंघना अथवा स्वाद की शक्ति का कम होना आदि लक्षण हो तो तत्काल नजदीकी शासकीय चिकित्सालय में संपर्क कर कोविड-19 जांच करावे। कोविड पॉजिटिव व्यक्तियों के प्राथमिक संपर्क में आने वाले व्यक्ति को भी कोविड-19 जांच कराने तथा रिपोर्ट प्राप्त होने तक होम आइसोलेशन में रहने की समझाइश दी गई है। उन्होंने कहा कि बीमारी के संबंध में किसी भी प्रकार भी भ्रांति हो तो नजदीकी शासकीय चिकित्सालय में संपर्क करे।

### ई-जनचौपाल में 67 आवेदन हुए प्राप्त

कांकेर 18 अप्रैल । कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी जा रही है तथा उसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल ने आज सोमवार को ई-जनचौपाल में लोगों की समस्या सुनी तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में 67 आवेदन प्राप्त हुए। अंतागढ़ विकासखण्ड से 01, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 08, चारामा विकासखण्ड से 07, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 02, कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 07 और नरहरपुर विकासखण्ड से 03 लोगों ने अपने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 39 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर गौरीशंकर नाग, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, पीएचई के कार्यपालन अभियंता एस.पी. मण्डावी भी मौजूद थे।

### यांत्रिकी और लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों की संविदा भर्ती के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक

कांकेर 18 अप्रैल । प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड योजना अंतर्गत कृषि विभाग में यांत्रिकी के 02 पद और लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के 01 पद पर संविदा भर्ती हेतु पुनः आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया है। जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में आवेदन जमा किया गया था, उसे निरस्त किया गया है। उक्त पदों की भर्ती के लिए पुनः आवेदन करने की जानकारी दी गई है। अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट www.kanker.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

### अनुसूचित जनजातियों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक 19 अप्रैल को

जगदलपुर, 18 अप्रैल । राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री अनंत नायक द्वारा अनुसूचित जनजातियों के सेवा, सुरक्षा, कल्याण एवं विकास के लिए कार्यान्वित योजनाओं के संबंध में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 19 अप्रैल को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में प्रातः 10.20 बजे से लिया जाएगा।

# किसी भी खेल में अनुशासन व ईमानदारी से टीम बनती है नम्बर-1:छविंद्र कर्मा






■ बचेली क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन मौके पर लौहनगरी पहुंचे पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 18अप्रैल। किसी भी खेल में प्रत्येक खिलाड़ी को अनुशासित रहकर पूरी ईमानदारी और खेलभावना से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना होगा तो वह टीम निश्चित रूप से नम्बर-1 होगी। यह बातें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य छविंद्र कर्मा ने लौहनगरी में बचेली क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन के मौके पर कही। क्रिकेट टूर्नामेंट में डीसीसी किरंदुल व बचेली कैपिटल के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें बचेली कैपिटल ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया।

विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देते छविंद्र कर्मा ने कहा कि खेल में किसी की हार होती है तो किसी की जीत। हारने वाली टीम को अपनी कमियों पर फोकस करना जरूरी है। वहीं जीतने वाली टीम को आगे और बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। छविंद्र कर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन किया। साथ ही उम्मीद भी जताई कि आगे भी वे अपनी प्रतिभा से माता-पिता, जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें। अंत में छविंद्र कर्मा ने ऐसे आयोजनों में आगे भी उनका पूरा सहयोग करने की बात कही। इस दौरान सावन ठाकुर, जोगी नाग, एनएमडीसी के शैलेन्द्र सोनी, डीएस यादव, रमेश पैकरा, नरेंद्र सोनी, बीना साहू, रीना दुर्गा, कमेटी के अप्पू कुंजाम, राकेश नेताम, बेनु साहू, रोहित पटेल, कृष्णा ठाकुर, चंदन नायक, विकास ठाकुर, अनिल, देवेंद्र, चिंटू, कमलेश, सुजीत चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।

# मुक्तिधाम को कब्जा मुक्त कराने ग्रामीण पहुंचे राजिम तहसील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजिम,18 अप्रैल। गरियाबंद जिला के राजिम तहसील अंतर्गत बेलटुकरी गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में तहसीलदार राजिम के समक्ष पहुंचकर मुक्तिधाम को कब्जा मुक्त करने की मांग किया है।

ग्राम बेलटुकरी के सरपंच श्रीमती भावना रामप्रकाश देवांगन,पंचगण अरुण हिरवानी, धर्मेंद्र साहू, मनिकराम साहू, लोमश कुमार साहू, श्रीमती फुलबासन साहू, पप्पू साहू, श्रीमती नेमिन साहू, ग्राम विकास समिति बेलटुकरी के अध्यक्ष रामप्रकाश देवांगन, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार साहू, घनश्याम साहू, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के सचिव तेजराम विद्रोही, ग्रामीण देवनाथ साहू, कमलनारायण देवांगन, सावंत राम साहू, उत्तम कुमार, हिच्छा राम हिरवानी, पालकर साहू, नरेश धीवर, अजित कुमार, तुकाराम तारक, प्रेम शंकर साहू, त्रिलोचन साहू, किसन साहू, भागवत राम, तुकाराम, गिरधारी, शंकर तारक, तुलसी तारक, मनहरण साहू, उधो राम साहू, बेदराम साहू, लीलाराम साहू संतराम साहू आदि ने बताया कि ग्राम बेलटुकरी में पूर्वजों के समय से ही सीतला तालाब के पास मुक्तिधाम स्थित है जहाँ पर अंतिम संस्कार का कार्य किया जाता है करीब तीन साल पूर्व बलिराम साहू पिता फत्ते लाल साहू नामक व्यक्ति ने मुक्तिधाम की भूमि को अवैध रूप से कब्जा कर पट्टा बना लिया है इसकी जानकारी ग्रामीणों को तब हुई जब मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण हेतु नक्शा नकल निकली गई जबकि पंद्रह वर्ष पूर्व तत्कालीन सरपंच चेमन लाल धीवर के कार्यकाल में उस मुक्तिधाम की जगह पर सरकारी बोरिंग का खुदाई किया गया जो कि अब तक मौजूद लेकिन उसे बलिराम द्वारा अपने कब्जे में होना बताया जा रहा है। मामले की जानकारी होने के समय से ही न्यायालय तहसीलदार राजिम में प्रकरण दर्ज कर मुक्तिधाम को मुक्त करने की मांग की गई है परंतु अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से रोजगार गारंटी , सौंदर्यीकरण आदि का कार्य प्रभावित हो रहा है ग्राम हित मे कार्य न हो पाने और अवैधानिक रूप से पट्टा बनाये जाने से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में राजिम तहसीलदार के समक्ष उपस्थित होकर मुक्ति धाम को कब्जा मुक्त कराने की मांग किया है। नहीं होने की दशा में ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### तकनीकी सहायक की संविदा नियुक्ति के लिए अभ्यावेदन 21 अप्रैल तक

जगदलपुर, 18 अप्रैल । महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत तकनीकी सहायक के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए अभ्यावेदन 21 अप्रैल तक मंगाए गए हैं। ज्ञात हो कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत तकनीकी सहायक के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रारंभिक जांच उपरांत दावा-आपत्ति हेतु सूची का प्रकाशन किया गया है। जिसका अवलोकन जिला पंचायत के सूचना पटल पर एवं जिला बस्तर के वेबसाईट 222.ड्डह्यह्लड्डह्न.द्दश1.द्ध पर भी किया जा सकता है। तकनीकी सहायक उक्त सूची में दर्शित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी एवं दस्तावेज यथा शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण पत्र अनुभव प्रमाण पत्र निवास प्रमाण-पत्र तथा आवेदक के संबंध में किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति हो (प्रकाशित सूची में कोई त्रुटि हो) तो त्रुटि सुधार के लिये आवेदक अथवा कोई भी पक्षकार अपना अभ्यावेदन 21 अप्रैल 2023 तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालयीन अवधि में (आवश्यक साक्ष्य एवं प्रमाणों के साथ) जिला पंचायत कार्यालय के आवक शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# नंदनी यादव ने बढ़ाया सुकमा का मान संसद भवन में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



सुकमा 18 अप्रैल । इन दिनों सुकमा की नंदनी की प्रदेशभर में चर्चा हो रही है। सुकमा जिले की सुश्री नंदनी यादव ने अपने जिले के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य का नाम कला संस्कृति एवं परपराओं से राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित की है। संसद भवन नई दिल्ली में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधित्व करने शामिल हुई थी। कार्यक्रम में अपने संबोधन कि शुरूआत छत्तीसगढ़ी बोली ''जय जोहर ''से कर, बाबा साहेब आंबेडकर के व्यक्तित्व व कृतित्व के साथ ही उनके शिक्षा के विचारों, समतामूलक समाज, न्याय संगत विकास और पर अपनी अभियक्ति देकर संसद भवन में सबका मन जीत ली।नंदनी ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देश भर से चयनित 26 प्रतिभागियों में अपनी जगह बनाई। संसद भवन नई दिल्ली में 14 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में नंदनी ने कलगी के साथ रुपिया माला आदि पारंपरिक आभूषणों से सुसज्जित होकर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा में संसद भवन के सेंट्रल हाल में कार्यक्रम में शामिल हुई। जिसकी प्रशंसा लोक सभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला सहित अन्य अतिथिगण एवं उच्च प्रशासनिक अधिकारियों ने की।

#### जिले के सक्षम कोचिंग से कर रही है, सिविल परीक्षा की तैयारी

नंदनी जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम कोचिंग की छात्रा हैं। वह प्रशासनिक सेवा से जुड़कर लोगों की सेवा करने की चाह रखती है। वर्तमान में एमए की छात्रा है। नंदनी ने बताया की संसद भवन में आयोजित कार्यक्रम हेतु छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित होने वाले एकमात्र प्रतिभागी थी।

#### सुकमा का बढ़ाया मान

राज्य के अंतिम छोर में स्थित सुकमा जिला संवेदनशील क्षेत्र के लिए जाना जाता है। ऐसे में बस्तर अंचल से बालिका का अपने राज्य का प्रनिनिधित्व करना, शासन-प्रशासन और समाज के लिए गर्व की बात है। संसद भवन में नंदिनी की उपस्थिति महिलाओं की समाज में हो रही प्रगति को दर्शाता है। नंदिनी ने बताया कि उसे इस बात का गर्व है की संसद भवन में उपस्थित समस्त मंत्रीगण ने उसके पारंपरिक पहनावे की प्रशंसा की। साथ ही अन्य प्रदेशों से आए प्रतिभागियों ने भी छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति के बारे में जानने के प्रति उत्साहित थे।

#### जीवन के स्वर्णिम पलों में से एक

नंदनी का चयन नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से हुआ। राष्ट्रीय युवा संसद में उन्होंने क्रमशः जिला, संभाग, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता जीत कर टॉप 10 में जगह बनाई और छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। उनका संसद भवन में इस गोष्ठी कार्यक्रम में उनका चयन हुआ। उन्होंने इस अनुभव को अपने जीवन के स्वर्णिम पलों में से एक बताते हुए कहा की राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर वे गौरवान्वित महसूस कर रही है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व सुकमा के सुशील मरकाम ने संसद भवन में दिसंबर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया था। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने नंदिनी की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राकेश राइस मिल में देर रात लगी आग, लाखों का नुकसान



भिलाई, 18 अप्रैल। भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र चंदखुरी स्थित राकेश राइस मिल में देर रात भीषण आग लग गई। मिल में आग ऐसे फैली की वहां के कर्मचारियों को बुझाने का भी मौका नहीं मिला। आनन फानन में पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में लभग 4 से 5 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी रविवार देर रात लगी आग पर दमकल कर्मियों ने सोमवर की सुबह तक काबू पाया मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि चंदखुरी गांव में स्थित राकेश राइस मिल में आग लग गई है। इसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी लगभग 11 बजे तक फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गया तब तक आग काफी फैल चुकी थी राइस मिल की आग इतनी भयानत थी कि आसपास किसी को जाने नहीं दिया गया। फायर ब्रिगेड ने पानी के साथ की फोम का भी सहारा लिया सोमवार तड़े 4 बजे तक आग बुझाने दमकल कर्मी मशक्कत करते रहे। लगभग 5 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकामशीनों के साथ धान व चावल भी जला आग के कारण राइस मिल में लाखों का सामान जल गया नुकसान का आंकड़ा ज्यादा भी हो सकता क्योंकि आग के कारण राइस मिल की मशीनें जल गई यहां रखी धान की बोरियां, चावल व बारदाने भी जल गए आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो पाई है पुलगांव पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है संभावना जताई जा रही है कि आग लगने का कारण शार्ट सर्किट हो सकता है मिल संचालक को भी आग लगने के कारण का पता नहीं है।

### कई वार्डों में महापौर, पार्षदों ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में आज दिनांक 17.04.2023 को महापौर निर्मल कोसरे एवं महापौर परिषद सदस्यों के द्वारा विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 38, सोमनी में स्कूल संधारण कार्य का भूमिपूजन 17.80 लाख रूपए की लागत से पूर्ण होगा। वही वार्ड क्रमांक 32 देवबलोदा में स्कूल संधारण कार्य लागत राशि 10.47 लाख रूपए । चरोदा बस्ती स्कूल का संधारण कार्य 48 लाख रूपए की लागत से वही हथखोज बस्ती स्कूल का संधारण कार्य 25.27 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संबंधित वार्ड के पार्षद राकेश बंछोर, संजय यादव, एस वेंकट रमना,ईश्वर साहू सहित क्षेत्र के अनेक नागरिक गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी निगम जनसंपर्क विभाग से प्रकाशनार्थ प्राप्त हुआ ।

## समाचार संक्षेप

### सिविक एक्शन प्रोग्राम में बालक आश्रम इजरम,गांव में सोलर लाइट लगाई गई

सुकमा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दिनांक 17/04/2023 को श्री सुनीत कुमार राय, पुलिस उप महानिरीक्षक के.रि.पु. बल, कोटा रेंज के मार्गदर्शन एवं श्री नितिन कुमार, कमाण्डेंट 219वी वाहिनी के.रि. पु. बल के निर्देशन में, डी/ 219वीं वाहिनी, इंजरम में सिविक एक्शन प्रोग्राम संपन्न हुआ । जिसके अंतर्गत बालक आश्रम इंजरम तथा गाँव में सोलार स्ट्रीट लाईट लगवाये गये। गाँव इंजीरम के अधिकाँश इलाके में रात्री के समय काफी अंधेरा रहता था जिसके कारण गांव वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा था। इंजरम में स्थित 219वीं वाहिनी के.रि.पु. बल ने ग्रामीणों की इस समस्या के ऊपर गौर किया तथा इस समस्या का स्थायी समाधान करने का निर्णय लिया। दिनांक 17/04/2023 को 219वीं वाहिनी ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्राम इंजरम के बालक आश्रम में एवं गांवके अंदर सोलर स्ट्रीट लाईट लगवाई। बालक आश्रम में लाईट लगाने से विद्यालय परिसर में रोशनी की समस्या का समाधान हुआ है साथ ही गांव में अधिक आवागमन होने वाले स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाईट लगाये गये है। स्ट्रीट लाईट की रोशनी के कारण गांव के लोगों को गांव के अंदर रात्री के समय घूमने के लिए काफी सुविधा हो रही है। इस कार्यक्रम में श्री नीरज कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री सूर्यकान्त सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. एस. स्नेहा, चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अदिल अजिज, चिकित्सा अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं ग्राम इंजीरम के सभी प्रमुख व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इस क्षेत्र के ग्रामीणों में सरकार एवं के.रि.पु.बल के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। आम नागरिक और सुरक्षा बल के बीच अच्छे सम्बंध स्थापित हो रहे हैं। 219वी वाहिनी के.रि. पु. बल एवं सरकार द्वारा विकास संबंधी किये गये कार्यो से सभी ग्रामीणों में उत्साह तथा आशा की किरण उत्पन्न हुई है।



### पुलिस ने अवैध गांजा परिवहन करते हुये आरोपियों को 52 किलो गांजा सहित पकड़ा

सुकमा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा, श्री किरण गंगाराम चव्हाण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा, श्री गौरव मण्डल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कोटा श्री रोहित शुक्ला पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंटा के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशन पर जिले में नशामुक्ति एवं अवैध गांजा तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कल दिनांक 16.04.2023 को मुखबीर की सूचना पर आरोपियों बिजय पांगी पिता श्री खगेश्वर उम्र 24 वर्ष जाति पंजा साकिन बड़पदर बांगुरू थाना चित्रकोंडा जिला मलकानगिरी ओडिशा एवं प्रहलाद सीसा पिता स्व. श्री लाखीनाथ सीसा उम्र 18 वर्ष जाति पंजा साकिन जोडम्बा थाना चित्रकोंडा जिला मलकानगिरी ओडिशा को एक सफेद रंग की फिएस्टा कार कमांक् क्क36 क्क4820 में अवैध मादक पदार्थ गांजा 52 किलो 670 ग्राम के साथ थाना कॉटा पुलिस निरीक्षक शिवानंद सिंह एवं थाना स्टाफ के द्वारा परिवहन करते हुये मेन रोड़ एन.एच. 30 पर ग्राम चिखलगुड़ा किराना दुकान के पास पकड़ा गया। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा 52 किलो 670 ग्राम कीमत करीबन 5,25,000.00 रूपये (पांच लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र) व एक सफेद रंग की फिएस्टा कार क्रमांक् क्क36 क्क4820 कीमति करीबन 3,00,000.00 रुपये (तीन लाख रूपये मात्र) एवं अन्य सामान का कुल जुमला अनुमानित कीमति करीबन 8,38,300.00 (आठ लाख छत्तीस हजार तीन सौ रूपये मात्र) होना पाया गया। बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं फिएस्टा कार को जप्तकर आरोपियों बिजय पांगी पिता श्री खगेश्वर एवं प्रहलाद सीसा पिता स्व. श्री लाखीनाथ सीसा को गिरफ्तार किया गया एवं थाना कोटा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुल का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



सुकमा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। उद्योग एवं आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने आज ओड़िसा से सुकमा छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली निर्माणाधीन मोटा पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुल संबंधित निर्माण कार्यो के बारे में जानकारी ली। केबिनेट मंत्री ने पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि लोगों को आने जाने में कोई परेशानी न हो।साथ ही कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक श्री कवासी लखमा ने कोंटा स्थित श्री रामलिंगेश्वर स्वामी नयापारा शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोडू राजा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सुन्नम नागेश, श्री माड़वी देवा, श्री वेको हूंगा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा, दी कार्रवाई की चेतावनी

सुकमा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चल रहे आश्रम छात्रावास और सेजेस में हो निर्माण-कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री हरिस.एस ने सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को विलंब न करते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेकर समय-सीमा के हिसाब से कार्य पूर्ण करने को कहा।कलेक्टर श्री हरिस.एस ने कार्य विलंब होने एवं समय-सीमा के अंदर पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदारों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी वर्षाकाल के पहले निर्माण कार्यों को मई के अंतिम सप्ताह तक तेजी से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिससे आगामी सत्र की पढ़ाई में परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान पीडब्ल्यूडी, आरईएस, जिला निर्माण समिति के अधिकारीगण मौजूद रहे।



### कक्षा 6वीं की प्रवेश चयन परीक्षा 29 अप्रैल को

सुकमा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास सुकमा-2 में कक्षा 6वीं के लिए प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन 29 अप्रैल 2023 को 9 परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10 :30 बजे से आयोजित होगी। जिनमें सुकमा विकासखण्ड के 3 और छिन्दगढ़ विकासखण्ड के 6 परीक्षा केन्द्र शामिल है। विद्यालय की वेबसाइट www.navodaya.gov.in पर प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास सुकमा, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुकमा, कोण्टा, छिन्दगढ़ से भी प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9401151935, 9977120278, 8103771549 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर राज्य पोषित योजनाओं का उठाएं लाभ

सुकमा, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। उद्यान विभाग द्वारा उद्यानिकी किसानों के लिए वर्ष 2023-24 में राज्य पोषित योजनाओं में अनुदान राशि का प्रावधान किया गया है। इसका लाभ पहले आओ-पहले पाओ के सिद्धांत पर उद्यानिकी किसान ले सकते हैं। इन योजनाओं में नदी के कछार पर लघु सब्जी उत्पादक समुदायों को प्रोत्साहन की योजना, पोषण बाड़ी विकास, विभागीय फलोद्यान नवीन रोपण, कृषक प्रशिक्षण, कम्यूनिटी फेंसिंग योजना, टॉप वर्किंग प्रशिक्षण शामिल है।

# संघर्षों से घबराने वाले छात्रों को बाबा साहब अंबेडकर के संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए: डांगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद।** पहली बार जिला स्तर पर सर्व समाज के बैनर तले संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती को मनाया गया। शंकराचार्य भवन से भव्य शोभायात्रा बस्तरिहा आदिवासी नृत्य नगरी, ओडिशा आदिवासी नृत्य, पंथी, राऊत नाचा में धुमाल और डीजे के धुन पर झुमते नाचते हुए हजारों की संख्या में आंबेडकर अनुयाई नगर भ्रमण करते हुए हाईस्कूल मैदान में आयोजित सभा में शामिल हुए।

सभा में मुख्य वक्ता वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रतनलाल डांगी ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष का स्मरण करते हुए कहा कि आज के छात्र व युवा वर्ग जो शिक्षण संस्थानों में भेदभाव के कारण आत्महत्या कर लेते हैं, उसे बाबा साहब के साथ हुए भेदभाव व सहनशीलता और सफलता से प्रेरणा लेना चाहिए, ना कि हताश होकर जान देनी चाहिए। उन्होंने समाज के अधिकारी-कर्मचारियों को जरुरतमंद बच्चों के शिक्षा के लिए भी सहयोग करने की अपील भी की। पूर्व कमिश्नर दिलीप वासनीकर ने धर्मांतरित अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों को दिए जा आरक्षण के खिलाफ कर रहे आंदोलन को संविधान




के मूलभावानाओं के विरुद्ध बताया। जबकि, संविधान में बाबा साहब ने धर्म परिवर्तन करने वाले एससी-एसटी वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था दिया गया है। एडवोकेट फैजल रिजवी पाशा ने भारतीय संविधान को दुनिया का श्रेष्ठ संविधान बताते हुए 100 नग संविधान की पुस्तकें सर्व समाज के सभी जिलाध्यक्षों व पुलिस अधिकारी कर्मचारी तथा सामाजिक लोगों को भेंट किया।महिला बाल विकास के विशेष सचिव पोषण चंद्राकार ने समाज को संगठित होकर सत्ता में काबिज होने का आह्वान करते हुए कहा कि कुछ चुनिंदा राजनीतिक दलें सालों साल तक सत्ता में है। फिर भी देश की बहुसंख्यक समाज को उनके हक अधिकार से वंचित रखा गया है।

इसलिए देश के बहुसंख्यक मेहनत कश समाज को सत्ता प्राप्ति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सत्ता ही सारी समस्याओं का हल है। पीएल सिदार ने कहा कि अब तक बहुत से ईश्वरीय शक्तियों ने अवतार लिया, लेकिन किसी ने बाबा साहब आंबेडकर जैसे वंचित, शोषित, पिछड़ी समाज के लोगों के लिए नहीं किया। वे महिलाओं के उद्धारकर्ता बने। हिंदू कोड बिल पास नहीं होने पर उन्होंने कानून मंत्री के पद को त्याग दिया। महासमुंद पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने सभा में उपस्थित सभी लोगों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया तथा बाबा साहब के समतामूलक व्यवस्था का गुणगान करते हुए जिला स्तरीय आयोजन के लिए हर्ष जताया। विशिष्ट अतिथि सर्व छत्तीसगढ़ीया समाज महासंघ व मरार समाज के जिलाध्यक्ष पवन पटेल, कुर्मी समाज के वीरेंद्र चंद्राकर, निषाद समाज के ढेलू निषाद, सारथी समाज के तुलेंद्र सागर, सर्व आदिवासी महिला प्रभाग के डॉली ध्रुव, गोंड समाज के एमएल ध्रुव, बौद्ध महासभा के शंकर नंदेश्वर, रविदास समाज के रामकृष्ण मिरी, साहू समाज से धरमदास साहू, सतनामी समाज से विजय बंजारे, अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ अजाक्स के कमलेश ध्रुव व एडिशनल एसपी गिरपुंजे रहे। कार्यक्रम में प्रमुख योगदान मुख्य संयोजक त्रिभुवन महिलांग, एचआर बघेल, कुणाल रंगारी, बबलू हरपाल, नानजी बाघमारे, हीरा जोगी, महेंद्र कोसरिया, एचआर सोनवानी, देवेन्द्र मेश्राम, रुपेश महिलांग, धनुष यादव का रहा तथा कार्यक्रम में बहुतायत संख्या में अधिकारी कर्मचारी व बाबा साहब के अनुयाई उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन में शीर्ष प्रदर्शन करने पर रायगढ़ जिला राज्य में हुआ सम्मानित



**रायगढ़, 18 अप्रैल।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ.खूबचंद बघेल स्व-सहायता योजना में आयुष्मान कार्ड पंजीयन में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों में राज्य स्तर पर गत दिवस रायपुर में आयोजित समारोह में रायगढ़ जिला सम्मानित हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव द्वारा रायगढ़ जिले में आपके द्वार आयुष्मान अभियान चरण-4 में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड के पंजीयन हेतु उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर को सम्मानित कर पुरूस्कृत किया गया। रायगढ़ जिले को यह पुरस्कार सीएमएचओ डॉ.ठाकुर, आर.बी.एस.वाय के नोडल अधिकारी डॉ.भानु प्रताप पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ.तिलेश दीवान सहित समस्त जनपद पंचायत सीईओ, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक आर.एच.ओ, मितानिन तथा अन्य कर्मचारियों के सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है।

### पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा की मेरिट सूची जारी

**रायगढ़, 18 अप्रैल।** पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा 2022 के संबंध में मेरिट सूची के आधार पर कुल 30 पदों के लिए पूर्व में इस कार्यालय द्वारा प्राविधिक पात्रता सूची तैयार कर चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया गया है। चयन समिति द्वारा उक्त प्राविधिक सूची के दो अपात्र अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर/तकनीकी अर्हता धारित मान्य करने के कारण उन्हें पात्र करते हुए आवश्यकतानुसार प्रतीक्षा सूची में आंशिक संशोधन कर प्रतीक्षा सूची जारी करने की अनुशंसा की गई है। अतएव संशोधित प्रतीक्षा सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट 222.ह्ड्डद्बद्दड्डह्ड्ड.द्द्श1.द्बठ्ठ तथा कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के सूचना पटल में कर सकते है। उपरोक्त सूची के संबंध में कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो 25 अप्रैल 2023 तक कार्यालयीन समयावधि में कलेक्ट्रेट रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 90 में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### अनुपस्थित कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी

**रायगढ़, 18 अप्रैल।** जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में पदस्थ लम्बे समय से बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। इन सभी शिक्षकों को अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति हेतु अग्रसर होने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें श्री समय सिंह सिदार सहायक शिक्षक एलबी विकासखण्ड खरसिया 17 जून 2021 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। इसी तरह श्री सुमन अग्निहोत्री शिक्षक एलबी शा.पूर्व माध्यमिक शाला भालूमार विकासखण्ड घरघोड़ा 25 सितम्बर 2021 से, सुश्री लीमा एक्का प्रधान पाठक शा.मा.शाला धरमजयगढ़ कालोनी विकास खण्ड धरमजयगढ़ 4 जुलाई 2021 से एवं श्रीमती आरती दुबे लम्बे समय से बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है।

### बंगाली समाज ने भवन एवं भूमि की मांग की

**गरियाबंद।** गरियाबंद बंगाली समाज के द्वारा आज जनदर्शन कार्यक्रम के तहत जिलाधीश से भेंट कर समाज के लिए सामाजिक भवन ,धर्मशाला मन्दिर आदि हेतु भूमि एवं भवन की मांग रखी गरियाबंद बंगाली समाज जिला में 150 से अधिक परिवार निवास कर रहे है। जिनके कोई भी समाजिक भवन एवं मंदिर या समाज ,धर्मशाला आदि नही है। और नाही भूमी भी नही है । बंगाली समाज अपने मौलिक अधिकार एवं मुलभुत सुविधाओ से वंचित ।

गरियाबंद बंग (बंगाली) समाज को मुख्यमंत्री समाजिक उत्थान योजना के तहत भूमि एवं समाजिक ,भवन प्रदान करे करेगे।

## सैनिक विश्राम गृह का किया गया लोकार्पण



**रायगढ़, 18 अप्रैल।** निदेशक राज्य सैनिक बोर्ड ब्रिगेडियर विवेक शर्मा वीएसएम (से.नि.)के मुख्य आतिथ्य में आज सामुदायिक केन्द्र भवन, दीनदयाल फेज-2 रायगढ़ में सैनिक विश्राम गृह का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर ब्रिगेडियर शर्मा ने जिले के तीन हितग्राहियों को सम्मान स्वरूप चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। जिनमें श्रीमती लोलेन लकड़ा को दाह संस्कार अनुदान हेतु 25 हजार रुपये, नायक लाल प्रसाद को 80 वर्ष पूर्ण करने पर सम्मान निधि के रूप में 30 हजार रूपये तथा भूतपूर्व सिपाही सुशील कुमार को दिव्यांग बच्चे हेतु 31 हजार 500 रुपये का अनुदान राशि चेक सौंपा गया।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आशीष पाण्डेय (से.नि.)ने बताया कि केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के प्रावधान अनुसार जिला मुख्यालयों में एक सैनिक विश्राम गृह की आवश्यकता होती है ताकि बुजुर्ग भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिवार के सदस्य चिकित्सा तथा अन्य कारणों से जब भी मुख्यालय आते है तो उन्हें रहने की सुविधा प्रदान की जा सके। उक्त सैनिक विश्राम गृह आयुक्त नगर पालिक निगम एवं जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड के सहयोग से बनाया गया है। सैनिक विश्राम गृह के बनने से भूतपूर्व सैनिकों में काफी खुशी है। लोकार्पण अवसर पर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता-पिता श्री सुभाष त्रिपाठी एवं श्रीमती आशा त्रिपाठी, आयुक्त नगर निगम श्री संबित मिश्रा, जिंदल स्टील एवं पावर लिमिटेड से श्री संजीव चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जन चौपाल में 73 आवेदन प्राप्त हुए



**गरियाबंद, 18 अप्रैल।** जिला कार्यालय में आयोजित जन चौपाल में जिलाधीश प्रभात मलिक अपर कलेक्टर अश्वनी भोई व जिला पंचायत सीईओ के उपस्थिति में 73 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से पुल पुलिया अतिरिक्त शाला भवन निर्माण प्रधानमंत्री आवास सड़क सी सी रोड मनरेगा की बकाया मजदूरी बेजा कब्जा व अन्य निर्माण कार्यो के लिए आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें विशेष रूप से पाथरमोहदा के सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर जिलाधीश को बताया कि उनके गांव में मात्र दो से तीन प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत साल भर में स्वीकृत होते हैं जिसके चलते हुए काफी परेशान हैं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव में अनेक गरीब व मजदूर वर्ग के लोग रहते हैं उन्हें राहत पहुंचाया जाए जिस पर जिलाधीश ने उन्हें आश्वस्त किया और कहा कि जल्द ही इसका निराकरण किया जाएगा तथा यथासंभव पत्थरमोहदा को अवास भवन दिलवाया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस ने किया नैमेड बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन



**बीजापुर, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई अलोकतांत्रिक कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह लगातार जारी है।प्रदेश कांग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार आज से लगातार 06 दिनों तक बिजापुर जिले में अलग अलग जगह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जायेगा।आज जय भारत सत्याग्रह के तहत नैमेड में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।इस नुक्कड़ सभा के माध्यम से क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी ने लोगो को बताया कि मोदी सरकार व अड़ानी के बीच क्या रिश्ता है,राहुल गांधी मोदी सरकार से बार बार एक ही सवाल क्यो पूछ रहे है,की उद्योगपति गौत्तम अड़ानी की शैल कम्पनियों में जो 20हजार करोड़ रुपये है वो किसके है,विधायक विक्रम ने कहा कि यही सवाल मोदी को चुभता है,और राहुल गांधी को परेशान कर रही है।लेकिन राहुल गांधी के खिलाफ की गई अलोकतांत्रिक कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस पूरे देश मे जय भारत सत्याग्रह शुरू कर अपना विरोध दर्ज करा रही है,नैमेड नुक्कड़ सभा मे विधायक विक्रम ने कहा कि अड़ानी समूह ने देश का सबसे बड़ा घोटाला किया है,सारी विपक्षी पार्टीयां घोटाले की जांच की मांग कर रही है,लेकिन सत्ता में बैठी मोदी सरकार है कि घोटाले की जांच कराने को तैयार नही है नैमेड की नुक्कड़ सभा को सम्भोधित करते जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि भाजपा जनहित वाली नही अपितु जनविरोधी पार्टी है,वह सिर्फ अड़ानी जैसे व्यापारियों का साथ दे रही है,इसी के चलते आज महंगाई,भरस्टाचार चरम पर है,आने वाले दिनों में केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की है।नुक्कड़ सभा के दौरान उपस्थित शंकर कुड़ियम जिला पंचायत अध्यक्ष बीजापुर, श्रीमती नीना रावतिया उद्धे सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, प्रवीण डोंगरे प्रदेश युवा आयोग के सदस्य,जिला पंचायत सदस्य सोमारू राम कश्यप,श्रीमती बोदी ताती जनपद अध्यक्ष बीजापुर, बेनूर रावतिया नगर पालिका अध्यक्ष बीजापुर, श्रीमती सुख मती मांझी नगर पंचायत अध्यक्ष भैरमगढ़, पुरसोत्तम सल्लुर नगर पालिका उपाध्यक्ष बीजापुर, सुख देव नाग महामंत्री जिला कांग्रेस बीजापुर सहित सभी ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### आईईडी बम निष्क्रिय करते एक डीआईजी का जवान घायल



**बीजापुर,18 अप्रैल।** जांगला थाना क्षेत्र के बड़े तुंगाली में माआओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर की टीम सुबह रवाना हुई थी। इसी बीच पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। फायरिंग रुकने पर सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा जंगल रास्ते में लगाये गए आईईडी बरामद किया गया।शाम को 5-6 बजे के लगभग बरामद आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान ब्लास्ट होने से डीआरजी का जवान शंकर पारेट घायल हुआ है।घायल जवान को आई मामूली चोंटे जिसका इलाज जिला अस्पताल बीजापुर में किया गया है। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने इस घटना की पुष्टि की है।

### भीषण गर्मी एवं लू के चलते स्कूल समय बदला

**रायगढ़, 18 अप्रैल।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने रायगढ़ जिले में पड़ रहे भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए 18 अप्रैल 2023 से स्कूल संचालन हेतु समय निर्धारित किया है। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल संचालन के संबंध में आदेश जारी किया गया है। जिसमें एक पाली में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाएं प्रातः 7 से 10 बजे तक संचालित होगी। इसी तरह दो पालियों में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाएं-प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला की कक्षाएं प्रातः 7 से 10 बजे तक तथा हाई/हायर सेकेण्डरी स्तर की कक्षाएं प्रातः 8 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक संचालित होगी। वहीं कार्यालयीन समय पूर्ववत प्रातः 10 से शाम 5.30 बजे तक संचालित होगी।

### कोटवारी सेवा भूमि पर अवैध कब्जा कोटवार परेशान

**गरियाबंद, 18 अप्रैल।** जन चौपाल में फिंगेश्वर क्षेत्र के दर्जनों कोटवार जन चौपाल में पहुंचकर अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके क्षेत्र के एक कोटवार की कोटवारी सेवा भूमि शासन से प्राप्त हुई है जिसे एक बड़े आदमी ने कब्जा कर लिया है जिसे छोड़ नहीं रहा है जिससे वे परेशान हैं और जबकि सीमांकन व अन्य कागजात उनके पास है और इस अवैध कब्जे को लेकर लगातार वे शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं किंतु उनकी सुनवाई नहीं हो रही है जिस जिसके चलते हुए आज अपना आवेदन जन चौपाल में लगा रहे हैं जिसके बाद राजिम और फिंगेश्वर क्षेत्र के अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया।

## जिले में अब तक 1 लाख 93 हजार से ज्यादा परिवारों का हुआ सर्वेक्षण



**महासमुंद।** जिले में अब तक 1 लाख 93 हजार 13 परिवारों का सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण किया जा चुका है। बीते एक अप्रैल से ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हुए सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण में का काम शुरू हुआ था। ताजा जानकारी के अनुसार सर्वाधिक सर्वेक्षण पिथौरा में 39,871 परिवारों का हुआ है। इसी प्रकार सरायपाली में 39,073 महासमुंद में 38,448, बागबाहरा में 38,075 और बसना के ग्रामीण क्षेत्रों में में 37,546 परिवारों का सर्वेक्षण टीम द्वारा सर्वेक्षण किया जा चुका है। जिले में कुल 2,84,540 परिवारों के सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण किया जाना है। इसमें बागबाहरा के 53,833, बसना के 54,046, महासमुंद के 58,875, पिथौरा के 64,862 और सरायपाली विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के 52,924 परिवार शामिल है। जिले के 551 ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए 135 सुपरवाईजर, 1476 प्रगणक की ड्यूटी लगाई गई है। जो जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर प्रपत्र, एप्प के माध्यम से सर्वे का काम कर रहें हैं। यह कार्य आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा। सर्वेक्षण में विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राही भी नवीन सूची में शामिल हो पायेंगे। हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार योजना का पूरा लाभ मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ बेरोजगारी भत्ता योजना 3382 बेरोजगार युवाओं ने किए आवेदन, 1019 आवेदनों का किया गया सत्यापन

**महासमुंद।** जिले में छत्तीसगढ़ बेरोजगारी भत्ता के तहत 13 अप्रैल तक 3382 शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों ने ऑनलाइन आवेदन किए हैं। जिनके सत्यापन का काम क्लस्टर बनाकर किया जा रहा है। ताकि, युवाओं को ज्यादा मूवमेंट न करना पड़े। जिले में 3382 युवाओं द्वारा आवेदन किए गए। जिसमें 1019 आवेदनों का सत्यापन किया गया। इनमें से 472 आवेदन स्वीकृत हुए।

## हाट-बाजार के लिए 54 सेटों के निर्माण की स्वीकृति दी

**गरियाबंद, 1 अप्रैल।** जिलाधीश प्रभात मलिक ने आज जिला स्तर के विभिन्न अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं में तेजी व प्रगति लाने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा हाट बाजार ही विशेष रूप से 54 से निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है जिसका जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है इसके लिए सारी तैयारियां कर लिया जाए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यो का समुचित प्रगति दिखना चाहिए और समय-समय पर निरीक्षण किया जाए और निरीक्षण के उपरांत जो कमियां है उसे दूर किया जाए ।इसी तरह उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी रोजगार योजना के तहत अधूरे पड़े कार्य विशेषकर पुराने मटेरियल से संबंधित कार्यो का सत्यापन





कर इन कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए ।बरसात के पुवँ विभिन्न गांवों को जोड़ने वाले नदी नालों पर पुल पुलिया की क्या स्थिति है इसे देखा जाए तथा पुल पुलिया की मांग को जल्द पूर्ण करने हेतु एस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत किया जाए साथ ही इस अवसर पर उन्होंने कहा बरसाती नदी नालों को लेकर विशेष ध्यान रखा जाये साथ ही गर्मी और बरसात के समय फैलने वाले बिमारीयो को लेकर कहा कि चिकित्सा विभाग सतर्क व सावधान रहें प्रारंभिक तैयारियां अभी से कर लेवे। उन्होंने राजस्व विभाग से कहा कि क्षेत्र के विभिन्न नवीन नक्सो की तैयारी कर लिया जाए राजस्व विभाग के अंतर्गत नामंत्रण, सीमांकन व अन्य आवश्यक कार्यो पर गति देते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करें लोगों को किसी भी किस्म की कोई तकलीफ और दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

## पाथरमोहदा के सैकड़ों ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर चौपाल पहुंचे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 18 अप्रैल।** समीपस्थ ग्राम पाथरमुदा के सैकड़ों ग्रामीणों महिला एवं पुरुषों ने आज जन चौपाल में उपस्थित होकर जिलाधीश से प्रधानमंत्री आवास भवन प्रदान करने हेतु मांग रखी इस अवसर पर ग्रामीणों ने बताया कि मात्र दोया चार भवन ही हर साल स्वीकृत होते हैं जिससे सैकड़ों मजदूर एवं गरीब लोगो को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल पा रहा है इसके लिए वे जिलाधीश से भेंट कर इसकी मांग रख रहे हैं उन्होंने अपने आवेदन में कहा है आस-पास के गांव में 50 से 60 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हो रहे हैं जबकि पाचन मूला में यह नहीं हो पा रहा है जिसके लिए उन्होंने अनेक अवसरों पर अपने उच्च नेताओं से वह पंचायत प्रतिनिधियों से भी मांग की है किंतु उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रहा है हमारे ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष करीब 2 से 3 हितग्राहियों का लाभ मिल पाता है।

जिससे बाकी ग्रामीणों में रोष उत्पन्न हो जाता है। जबकि हमारे आसपास के अन्य पंचायतों में 50-60 हितग्राही लाभान्वित होते है । हमारे ग्राम पंचायत में भी ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये।

## कलेक्टर ने त्रिलोकी को जनचौपाल में दिया टेबलेट एवं राशन कार्ड

**रायगढ़, 18 अप्रैल।** विकासखंड तमनार के ग्राम गौरबहरी निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग श्री त्रिलोकी सिदार आज जनचौपाल में अध्यापन हेतु सहायक उपकरण एवं राशन कार्ड के लिए आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा को बताया कि वे शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित है एवं कालेज में अध्ययनरत है, कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन पर समाज कल्याण विभाग द्वारा टेबलेट की व्यवस्था की गई वहीं खाद्य विभाग द्वारा तत्काल राशन कार्ड बनाया गया। जिसे मौके पर जनचौपाल में कलेक्टर श्री सिन्हा ने त्रिलोकी सिदार को टेब एवं राशन कार्ड प्रदाय किया। आवेदक त्रिलोकी सिदार ने मौके पर टेबलेट प्राप्त होने से कलेक्टर श्री सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे अब उन्हे अध्ययन में सहायता मिलेगी।

इसी प्रकार विकासखंड खरसिया ग्राम केनाभांठा निवासी श्री प्रदीप कुमार चन्द्रा दिव्यांग पेंशन एवं राशन कार्ड हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग है, जिससे जीवन-यापन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने पेंशन एवं राशन कार्ड प्रदान करने का निवेदन किया, कलेक्टर श्री सिन्हा ने विभागीय अधिकारी को आवेदन का निराकरण के निर्देश दिए। आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर श्री सिन्हा ने जनसामान्य से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 87 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं, मांग एवं शिकायत के प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। विकासखंड घरघोड़ा ग्राम चारमार के ग्रामीणों ने घरघोड़ा बस स्टैंड चौक में मंदिर और रोड़ पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि अतिक्रमण से मंदिर में लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### नवोदय विद्यालय के दसवीं के छात्र ने लगाई फांसी

**डोंगरगढ़, 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर के बधियाटोला वार्ड 7 में स्थित नवोदय विद्यालय के दसवीं के छात्र 15



वर्षीय तन्मय सहारे पिता गिरधारी राम सहारे छुरिया निवासी ने सोमवार दोपहर 3.30 से 4 बजे के बीच में अपने ही रूम में फांसी लगा ली। जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तन्मय सहारे आज ही अपने परिचित के साथ घर से विद्यालय लगभग 1:30 के करीब आया था। इसी दौरान 2 से 2.30 घंटे के बीच में उसने कपड़े सुखाने वाली नाइलोंन रस्सी से फांसी लगा ली विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टा छात्रों ने तन्मय को तड़पते देखा था। उसके बाद तुरंत ही उन्होंने अपने शिक्षकों को सूचित किया लगभग 5:00 के करीब विद्यालय प्रशासन ने तन्मय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया। जहां डॉक्टरों की द्वारा उसे मृत्यु घोषित किया गया। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर बॉडी को मरचूरी में रख दिया है कल बॉडी का पोस्टमार्टम करने के बाद बॉडी को उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

**शिक्षक का पुत्र था तन्मय** : जानकारी अनुसार तन्मय के पिता छुरिया ब्लॉक में प्राथमिक शाला के शिक्षक है तथा इनके दो पुत्र हैं बड़े पुत्र का पिछले ही वर्ष आत्मानंद विद्यालय में 11वीं कक्षा में चयन हुआ था। इनका बड़ा पुत्र भी नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ का ही छात्र रहा है। शिक्षक गिरधारी राम सहारे ने पुलिस को बयान में बताया कि आज उसके किसी परिचित की मौत मिट्टी होने के कारण वह अपने पुत्र को विद्यालय छोड़ने नहीं आया था। उसका कोई परिचित इस ओर आ रहा था उसके साथ ही तन्मय आया था। वही चौकाने वाली बात है कि तन्मय के विद्यालय आने के बाद भी विद्यालय प्रशासन को इसकी कोई सूचना नहीं थी। जबकि प्रवेश रजिस्टर में तन्मय का प्रवेश का टाइमिंग दर्ज था। इसमें विद्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही उजागर हो रही है। परंतु अपनी गलती छुपाने के लिए विद्यालय प्रशासन कुछ भी बोलने से बच रहा है। वहीं बताया जाता है कि छात्र परिजन के साथ आया तो रो रहा था व विघालय में नहीं जाने की जिद कर रहा था जिस पर गेट कीपर ने परिजनों से लिखित लिया गया है कि बच्चे की बिना सहमति के परिजन ने अपनी जिम्मेदारी से छोड़ा. इधर स्कूल के कुछ शिक्षको ने बताया कि छात्र पहले भी बिना बताये चला गया था जिस पर परिजनों को बुलाकर काउंसलिंग की गई थी. फ़िलहाल कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है.

### बस नहीं मिलने पर ऑटो में बैठे सवारी

# चालक व उसके साथियों ने राड मारकर यात्रियों से की लूटपाट

## लूट के फरार 2 आरोपियों को रायपुर से किया गया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 18 अप्रैल।** बिलाईगढ़ थाना प्रभारी विजय चौधरी के नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा लुट के मामले में 02 आरोपीयो को रायपुर से गिरफ्तार किया गया। 11 अप्रैल को प्रार्थी, ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि बस नहीं मिलने पर आटो से गिधौरी जाने के लिए निकला था।

आरोपी ऑटो चालक व एक अन्य द्वारा बिलाईगढ़ के आसपास प्रार्थी का मोबाइल लैपटॉप एवं नकदी रकम छीन लिया, और मारपीट कर भाग गया, आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 394 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान लगातार आरोपियों की पतासाजी हेतू 40 से अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रायपुर में पता किया गया, जो आरोपीगणों के मिलने पर पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म स्वीकार करते हुए लूटपाट कर ले गए सामान को आपस में बंटवारा कर लिया गया था।

आरोपियों के नाम विनीत गिरी पिता अनिल गिरी उम्र 20 वर्ष, दीपक यादव पिता दशरथ यादव उम्र 25 वर्ष साकीन संतोषी नगर थाना टिकरीपारा जिला रायपुर* के विरुद्ध धारा 394 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया। संपूर्ण विवेचना कार्यवाही में निरीक्षक विजय चौधरी एएसआई, अमृत भार्गव हवलदार, निशांत दुबे, आर . शंकर कुर्रे, ओमचंद साहू, दिलीप तेंदुए, सत्येंद्र बंजारे, प्रवेश भारती, विशेश्वर, महेश का विशेष योगदान रहा !

# भूपेश बघेल सरकार ही रामराज्य लाने की दिशा में अग्रसरः सुशील शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 18 अप्रैल।** मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने ग्राम चिचपोल में आयोजित 9 दिवसीय भागवत कथा में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन के आशीर्वाद से आज विकास की प्रथम कड़ी के रूप में किसान भाइयों के लिये किसान भवन आपके गाँव में पूरा बनने जा रहा है, आज हम और आप मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनकल्यानकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे है आज हम भयमुक्त होकर अपना अपना कार्य कर रहे है, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन होने के कारण आम जन की समस्याओं का निराकरण भी जल्द से जल्द हो रहा है, आज किसान, मज़दूर, युवाऔर महिलायें सभी अपनी अपनी जगह भूपेश बघेल सरकार की नीतियो से प्रभावित है, अब भूपेश सरकार किसानों का धान आने वाले समय में प्रति एकड़ 20 क्विंटल लेने के साथ प्रति क्विंटल की क़ीमत 2800 रुपया के भाव से धान उपार्जन केंद्रो में ख़रीदेगी इससे प्रदेश में रामराज्य इस्थापित होने की ओर भूपेश सरकार अग्रसर होते जा रही है यही गड़बो नवाँ छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने का एक मात्र रास्ता है और रामराज्य आने का शुभ संकेत भी है, सरकार से सभी खुश और आनंदित है कुछ विरोधी लोग अपनी खिसकती हुई जनाधार से घबराकर विचलित होकर हमारी भूपेश सरकार को बदनाम करने का प्रयास करने में लगे हुये है येसे विरोधी लोगों से सावधान रहना और अपने किसान पुत्र भूपेश बघेल पर विश्वास रखना क्यूँकि भूपेश बघेल ही हम छत्तीसगड़िया लोगों के मान और स्वाभिमान के साथ सम्मान, संस्कृति, परम्परा को ज़िंदा कर पूरे देश में हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़, भाषा छत्तीसगड़ी और हमारी पहचान छत्तीसगड़िया को विख्यात कर छत्तीसगड़िया माडल को प्रचारित करने में देश के नम्बर वन मुख्यमंत्री है।गाँव पहुँचने पर कृषि ऊपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा का सहकारी सिमिति अध्यक्ष हेमलाल यदु के नेतृत्व में मिलन ध्रुव, राधा ध्रुव, गणेश मंडल, लिकेश यदु, योगेन्द्र राजपूत, हेमशंकर ध्रुव सहित अनेक ग्रामीण जनो ने बाजा गाजा, आतिशबाजी के साथ पुष्पाहार पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया। मंडी अध्यक्ष के साथ ज़िला उपाध्यक्ष अरुण यादव, सचिन शर्मा प्रमुख रूप से ग्रामीण दौरे में साथ थे।

# एसडीओपी ने यातायात व्यवस्था में सुधार और पार्किंग को व्यवस्थित करने ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 अप्रैल।** शहर के मुख्य मार्ग मे दर्जनों प्रमुख बैंको का संचालन किया जा रहा है वहीं मुख्य मार्ग मे स्थित बैंको के सामने बैंक ग्राहको के वाहन बडी तादाद मे खडा कर दिये जाने आम जनो को मुख्य मार्ग मे आवागमन मे तकलीफों का तो उठाना ही पडता है वहीं यातायात जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती है, इन्ही समस्याओं को व्यवस्थित करने सोमवार शाम शहर थाना मे एसडीओपी आशीष अरोरा की उपस्थिति मे शहर के बैंक प्रबंधन व मीडिया की बैठक बुलायी गई जिसमे प्रमुख रूप से शहर टी.आई.अरूण साहू, यातायात प्रभारी एम.एस.कंवर, बैंक प्रबंधन से विनय कुमार, नरेन्द्र कुमार राठौर सहित अन्य बैंको के प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस दौरान एसडीओपी आशीष अरोरा ने कहा कि यातायात के संचालन के लिए आप सभी अपने अपने बैंको के पास पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे प्रमुख मार्ग मे आवागमन मे लोगो को असुविधा न हो और इस बात का विशेष ध्यान रखे की कोई भी वाहन सडक के उपर बेतरतीब ढंग से न खडा हो। ज्ञात हो कि शहर के प्रमुख मार्ग मे स्टेट बैंक, सेन्ट्रल बैंक, एक्सीस बैंक, एचडीएफसी बैंक, पंजाब नैशनल बैंक आदि प्रमुख बैंक के अलावा अन्य दर्जनों बैंक नाका नं. एक से रेस्ट हाऊस एवं जय स्तंभ चौक मार्ग मे स्थित हैं।

एसडीओपी.आशीष अरोरा ने कहा कि शहर के मुख्य मार्ग मे यातायात व्यवस्थित करने के लिए बुधवार से अभियान चलाया जायेगा जिसमे यातायात के नियमो का पालन न करने वालो पर कार्यवाही की जायेगी साथ ही बैंक प्रबंधन भी अपने बैंको के सामने पार्किंग को व्यवस्थित रखने की व्यवस्था को सुनिश्चित करें वहीं मालवाहन वाहनो मे सवारी ढोनेवालो पर भी कार्यवाही की जायेगी

### विधायक बघेल की अनुशंसा पर विकास कार्य के लिए राशि जारी

**डोंगरगढ़, 18 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्वेच्छानुदान मद से हमर लोकप्रिय विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल के अनुशंसा से विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ के निम्नांकित व्यक्तियों को बीमारी की इलाज, उच्च शिक्षा व अन्य सेवाओं के लिए 7.50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दिलाई है। जो निम्नानुसार हैः-1) अमित कुमार पिता श्री श्यामलाल ग्राम भटगांव तहसील राजनंदगांव जिला राजनंदगांव आर्थिक सहायता 50,000 रुपए, 2) श्री मानिक लाल वर्मा पिता श्री गुहाराम वर्मा ग्राम रीवागहन तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव आर्थिक सहायता 50,000 रुपए, 3)छगन निषाद अध्यक्ष अजय जस झांकी एवं जगराता परिवार ग्राम परसबोड तहसील राजनांदगांव जिला राजनांदगांव आर्थिक सहायता 50,000 रुपए, 4)श्रीमती आमना बेगम पति श्री अशरफखान निवासी वार्ड नंबर 14 नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनंदगांव आर्थिक सहायता 50,000 रुपए, 5)किरण मंडावी आत्मा स्वर्गीय बुधराम मंडावी ग्राम धिकुडिया तहसील डोगरगढ़ राजनंदगांव जिला राजनांदगांव शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता 50,000 रुपए, 6)जगलूराम आ. बावाराम ग्राम चारभाठा तहसील राजनांदगांव जिला राजनंदगांव उपचार हेतु आर्थिक सहायता 50,000 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

### टेलेंट हंट में कोई भी ले सकता है भाग

**तिल्दा-नेवरा, 18 अप्रैल।** अखिल भारतीय ब्रह्मण समाज तिल्दा नेवरा द्वारा श्री परशुराम जयंती समारोह के अंतर्गत भवन में 28 अप्रैल दिन गुरुवार को होने वाले कार्यक्रम टेलेंट हंट को करने का उद्देश्य सिर्फऔर सिर्फमनोरंजन इसमे वे सभी विप्र महिला पुरूष, बालक बालिकायें भाग ले सकते जिन्हेंगायन, वादन, डांस, मिमिक्री, या ऐसी कोई भी कला विधा जो वे मंच पे आ कर कर सकते है, उन सभी के लिए ये कार्यक्रम रखा गया है, सभी अलग अलग कला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी अलग अलग दिया जाएगा, समाज के सभी विप्रजन इस कार्यक्रम में उपस्थित हो कर सभी कलाकारों का उत्त्साहवर्धन करें। जानकारी देते हुए नारायण शर्मा ने बताया की समाज को जोड़ने यह आयोजन चल रहा है।

# नेशनल मैथेमेटिक्स ओलम्पियाड में प्रियान को मिला गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिक्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़)::--छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल सीबीएसई से जुड़ने के बाद छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।इसी तारतम्य में सीबीएसई के माध्यम से प्रत्येक वर्ष साइंस, मैथ्स, जी.के., कम्प्यूटर, साइबर सेल जैसे विषयों के माध्यम से गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान किया जा रहा है।इस वर्ष दुसरी कक्षा का छात्र प्रियान तिर्की को गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिक्शन से नावाजा गया साथ ही रौशनीप्रिया यादव, ओजस्वी निर्मलकर, युक्ति बैस, ख़ुशी साहू, जागृति चंद्राकर और मंजूषा ठाकुर को उनकी सफ्लता के लिए गोल्ड मेडल ऑफ़ एक्सिलेंस से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शैजू जार्ज जेकब द्वारा सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया गया। संस्था की प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब ने जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष हमारे विद्यार्थियों ने स्टेट और नेशनल लेवल पर कई अचीवमेंट प्राप्त किये हैं जिस पर हमें गर्व हैं और आगे भी हमारे विद्यालय के विद्यार्थी ऐसे ही सफ्लता प्राप्त करेंगें हमें पूरा विश्वास है।इस अवसर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में मौजूद थे।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर-02**

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:- जिला-रायपुर
तहसील-रायपुर प.ह.नं.-00052
चिरहुलडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण
क्रमांक-RD202223440722700013

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00052 के अंतर्गत ग्राम चिरहुलडीह के वर्तमान भूमिस्वामी मीरा दत्ता जी.एस.एम.दत्ता पिता/पति-पता सा.बलदेव बाड़ा राजनांदगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 123/1/ङ/1(0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती मंजू सोनी पिता/पति बृजेश सोनी पता-अनमोल विहार गुढ़ियारी रोड रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/04/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/04/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**Jyoti Singh**
अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील-रायपुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202304201500003
/अ-6/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती परमशीला कोर्राम पति श्री रामदास कोर्राम जाति मुरिया, निवासी ग्राम बनजुगानी, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला- सरगीपालपारा कोण्डागांव में स्थित भूमि शीट नंबर-02 भूखण्ड क्रमांक 473/1 (शा.न. 476/1, 501/1, 501/3) अभिन्यास क्रमांक 11 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट भूमि दिनेश सोनी पिता श्री दीपनारायण सोनी जाति सोनी सा. देह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट भूमि को ई-पंजीयन क्रमांक IN-CG27098520941482U पंजीकृत बिक्री विलेख कमांक 396 दिनांक 24.01.2022 को रूपये 6,50,000/- शब्दों में (छः लाख पचास हजार रूपये) में क्रय करने के पश्चात् भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेता का नाम विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा एवं बिक्री बैनामा विलेख सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 24.04.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्तः दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.04.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**जिला-कोण्डागांव ( छ.ग. )**



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गरियाबंद (छ.ग.)**

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

**क्रमांक/62/आदि.वि./निर्माण/2023-24** **गरियाबंद, दिनांक 13/04/2023**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर निम्न अनुरक्षण कार्यों हेतु कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गरियाबंद को 'डी' श्रेणी एवं उससे ऊपर श्रेणी के लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28.04.2023 को सायं 5.30 बजे तक निविदायें स्पीड पोस्ट के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लो.नि.वि. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भवन/सड़क की दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील है, पर मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1/ निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 24.04.2023
2/ निविदा प्रपत्र कार्या. में प्राप्त करने की तिथि - 28.04.2023
3/ निविदा खोलने की तिथि - 01.05.2023

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छात्रा/आश्रमों में लघु निर्माण/अनुरक्षण के 33 कार्य। | 200.70 | सरल क्रमांक 01 से 23 तक 750/- एवं सरल क्रमांक 24 से 33 तक 350/- रू. प्रत्येक का | 'डी' श्रेणी एवं ऊपर | सरल क्रमांक 01 से 23 तक 02 माह एवं सरल क्रमांक 24 से 33 तक 1 माह |

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्ति के समय सूचना पटल पर दर्शित समस्त शर्तों एवं अभिलेखों में संलग्न करने पर ही प्राप्त हो सकेंगे। कोई भी अभिलेख की कमी पर आवेदन पत्र नहीं दिया जायेगा।
2. विस्तृत विवरण एवं शेष शर्तें इत्यादि कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन कार्य दिवस में कक्ष क्रमांक 56 संयुक्त जिला कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, गरियाबंद में अवलोकन किया जा सकता है।

**प्रभारी अधिकारी,**
**आदिवासी विकास गरियाबंद**

**जी-00281/3**


### श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में अब तक 2 करोड़ 51 लाख रुपये से अधिक हुई दवाइयों की बिक्री

**बलौदाबाजार,18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से अब तक जिलें के 7 दुकानों में अब तक 2 करोड़ 51 लाख 8 हजार रूपये की दवाईयों की बिक्री हुई है। इससे 70 हजार 247 उपभोक्ताओं ने 1 करोड़ 30 लाख 90 हजार रूपये की शुद्ध बचत की है। वर्तमान में जिलें के सभी 7 नगरी निकायों में एक-एक श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है। जिनमें लगभग 59 से 72 प्रतिशत तक की छूट एमआरपी पर दी जा रही है। बलौदाबाजार नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर बलौदाबाजार में अब तक 26 हजार 956 उपभोक्ताओं ने 1करोड़ 10 लाख 29 हजार रूपये, भाटापारा में 17 हजार 948 उपभोक्ताओं ने 83 लाख 99 हजार रूपये, सिमगा में 1 हजार 465 उपभोक्ताओं ने 3 लाख 39 हजार रूपये, लवन में 9 हजार 77 उपभोक्ताओं ने 24 लाख 18 हजार रूपये, कसडोल में 8 हजार 351 उपभोक्ताओं ने 17 लाख 90 हजार रूपये,पलारी में 3 हजार 334 उपभोक्ताओं ने 4 लाख 56 हजार रूपये, टुण्डरा में 3 हजार 116 उपभोक्ताओं ने 77 हजार रूपये की खरीदी की है। इसमें बलौदाबाजार में लगभग 45 लाख 22 हजार रूपये, भाटापारा में 54 लाख 59 हजार रूपये, सिमगा में 1 लाख 76 हजार रूपये, लवन में 12 लाख 81 हजार रूपये, कसडोल में 10 लाख 38 हजार रूपये, पलारी में 3 लाख 16 हजार रूपये, टुण्डरा में 2 लाख 98 हजार रूपये की बचत हुई है। इस तरह कुल 70 हजार 247 उपभोक्ताओं ने दवाईयों में छूट के बाद 1 करोड़ 30 लाख 90 हजार रूपये की बचत की है। भाटापारा नगर के बघेल नगर निवासी मंजू लकड़ा एवं उनके पति प्रताप लकड़ा ने बताया कि जब से यहां श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल खुला है तब से प्रति माह 2 हजार रुपये की दवाई लेती हूं। पूर्व में निजी मेडिकल स्टोर से यही दवाईयां प्रति माह लगभग 4 हजार रूपये में खरीदती थी।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़**
**अल्पकालिक तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**
**(जिला निर्माण समिति)**

**निविदा क्र./06** **बीजापुर, दिनांक 12/04/2023**

कलेक्टर जिला बीजापुर की ओर से राज्य कार्यालय, समग्र शिक्षा छ.ग. रायपुर अंतर्गत 10 भवन विहीन प्राथमिक शाला हेतु नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्यों की स्वीकृत जिला निर्माण समिति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर. (भवन निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर तथा लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | GOVT.PRIMARY SCHOOL-1. MALEMPETTA 2. GUNDARAJGUDA 3. PALAGUDA 4. BOMED 5. KOMATPALLI | 20.30 प्रति ईकाई | 15300.00 प्रति ईकाई |
| 2 | GOVT.NAVEN PRIMARY SCHOOL-1. NENDRA 2. MEENAGATTA | 20.30 प्रति ईकाई | 15300.00 प्रति ईकाई |

**महत्वपूर्ण निर्देशः-**
निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 24/04/2023 सायं 5.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 01/05/2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 01/05/2023 अपरान्ह 3.30 बजे तक
टेंडर फार्म का मूल्य - 750.00 प्रति फार्म
कार्य पूर्ण करने की समय सीमा - माह वर्षा ऋतु सहित
ठेकेदारों की श्रेणी - डी-श्रेणी या उससे ऊपर

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं चेक जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।

**टीपः- निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।**

**कलेक्टर**
**जिला-बीजापुर**

**जी-00284/4**



**कार्यालय नगर पंचायत सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**क्रमांक/ /लो.नि.वि./न.पं./2023-24** **सिमगा, दिनांक 17/04/2023**

**मैन्यूवल पद्धति से द्वितीय वार्षिक निविदा सूचना**

नगर पंचायत सिमगा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद लिफाफे में शासकीय स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि | 24/04/2023 | शाम 5.00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि | 26/04/2023 | शाम 5.00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 03/05/2023 | शाम 3.00 बजे तक |
| 4 | निविदा प्रपत्र खोले जाने की अंतिम तिथि | 03/05/2023 | शाम 4.00 बजे |

| क्रं. | कार्य का विवरण | राशि लाख में |
|---|---|---|
| 01 | विभिन्न प्रकार के सबमर्सीबल पंप/पैनल बोर्ड मरम्मत कार्य | 10.00 |
| 02 | जल शोधन संयंत्र हेतु आवश्यक सामग्री (एन.आई.टी. अनुसार) | 10.00 |
| 03 | वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 05 में भवन सड़क अन्य निर्माण/मरम्मत कार्य (एस.ओ.आर.दर) लो.नि.वि. 01/01/2015 से प्रभावशील | 20.00 |
| 04 | वार्ड क्रमांक 06 से वार्ड क्रमांक 10 में भवन एवं अन्य निर्माण/मरम्मत कार्य (एस.ओ.आर. दर) लो.नि.वि. 01/01/2015 से प्रभावशील | 20.00 |
| 05 | वार्ड क्रमांक 11 से वार्ड क्रमांक 15 वार्ड में (विभिन्न निर्माण कार्य) (एस.ओ.आर.दर) लो.नि.वि. 01/01/2015 से प्रभावशील | 20.00 |
| 06 | नल कनेक्शन शिफ्टिंग/नया कनेक्शन प्रदान करना | 20.00 |
| 07 | वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 15 अंतर्गत निर्मित रहवासी मकान में रैन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य (एस.ओ.आर.दर) लो.नि.वि. 01/01/2015 से प्रभावशील | 15.00 |

निविदा के संबंध में समस्त जानकारी कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत सिमगा**

## एक नजर

### मरकाम ने भाजपा पर साधा निशाना

रायपुर, 18 अप्रैल। पीसीसी चीफमोहन मरकाम ने हेट स्पीच को लेकर भाजपा को आड़े हाथ लिया है. मोहन मरकाम ने हेट स्पीच को लेककर



बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के पुलिस थाने जाने पर कहा, बीजेपी धार्मिक ध्रुवीकरण के साथ यहां का माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है. छत्तीसगढ़ शांत प्रदेश है. कुछ मुद्दों को लेकर बयानबाजी के जरिए सौहाद्र बिगड़ रहा है. अगर पुलिस इन मुद्दों को लेकर जांच कर रही है तो बीजेपी को कोई तकलीफनहीं होनी चाहिए. बीजेपी प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के बस्तर दौरे पर मोहन मरकाम ने कहा, कहा जाता है कि बस्तर के रास्ते ही छत्तीसगढ़ में सत्ता तक पहुंचा जाता है. भाजपा को बस्तर से 12 सीटें गवानी पड़ी थी. 15 साल सरकार में रहने के बाद बस्तर में ध्यान दिया होता तो उनकी यह दुर्गति नहीं होती. बीजेपी कितनी भी समीक्षा कर ले, उनका दांव नहीं चलने वाला है. शक्ति प्रदर्शन करने को लेकर मरकाम ने कहा, कानून सबके लिए लागू होता है, कानून का उल्लंघन किया है. सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने का काम किया है तो पुलिस कार्रवाई करेगी. अगर वर्ग विशेष को टारगेट करने की कोशिश की है तो पुलिस कार्रवाई करेगी. बीजेपी तटाकथित धर्म का ठेकेदार अपने को वर्ग विशेष का मानते हुए लोगों को बांटने का काम करती है. बीजेपी के मंसूबे छत्तीसगढ़ में पूरे नहीं होंगे. नक्सलियों के विरोध प्रदर्शन पर मरकाम ने कहा, चुनाव नजदीक आते तो नक्सली ऐसे हथकंडे अपनाते हैं. हमारी सरकार शांति, सुरक्षा, विश्वास और विकास के एजेंडों पर चल रही है. गांव और शहरों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है. नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए इस तरह के काम करते हैं.

### आवारा कुत्तों का आतंक

रायपुर, 18 अप्रैल। रायपुर की गलियों में इन दिनों कुत्तों का आतंक देखा जा रहा है. जिले के टाटीबंध में 9 साल की बच्ची पर कुत्तों ने हमला कर दिया. कुत्ते के काटने से बच्ची के शरीर में कई जख्म हो गए. बच्ची का नाम सबप्रीत कौर है. बच्ची तीसरी कक्षा में पढ़ती है. बच्ची के अनुसार कुत्तों ने अचानक उसपर हमला कर दिया, जिसके बाद वह रोने चीखने लगी. बच्ची की आवाज सुनकर परिजन घर से बाहर आए और बच्ची को कुत्ते से छुड़ाया. हालांकि तब तक बच्ची घायल हो चुकी थी. बच्ची का इलाज जा रहा है। रायपुर की गलियों में कुत्तों का आतंक : सबप्रीत कौर के पिता ने बताया कि टाटीबंध से भारत माता स्कूल के पीछे के गलियों में कुत्तों का आतंक लगातार जारी है. आने जाने वाले राहगीरों को कुत्ते दौड़ाते रहते हैं. गली में तकरीबन 8 से 10 आवारा कुत्ते हैं, जिनसे मोहल्लेवासी बेहद परेशान रहते है। रायपुर नगर निगम को कुत्तों की समस्याओं को लेकर शिकायत की गई है. शिकायत के बाद भी आवारा कुत्तों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. यहां न तो डॉग कैचर आते हैं, ना ही इनकी नसबंदी की जा रही है. वार्ड में कुत्तों का आतंक है. जिससे आम लोग काफी परेशान हैं. छोटे-छोटे बच्चों पर कुत्ते ज्यादा हमले करते हैं. नगर निगम को जल्द से जल्द इस पर एक्शन लेना चाहिए।

### प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में, कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

रायपुर, 18 अप्रैल। छत्तीसगढ़ मेंगर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है. सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं से लोग अब परेशान होने लगे हैं. दोपहर के वक्त ऐसा लगता है कि सूरज आग उगलने लगा है। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों में तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है. मौसम विभाग की मानें तो आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में और ज्यादा गर्मी पड़ सकती है. पिछले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ में लगातार तापमान बढ़ने लगा है. सुबह से ही लोगों को तेज गर्मी और धूप का एहसास होने लगा है. लोग सुबह से ही अपने चेहरे को कपड़ों से ढककर घर से निकल रहे हैं. तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का घर से निकलना मुहाल कर दिया है. छत्तीसगढ़ के अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है. मैदानी इलाकों में गर्म हवा और गर्मी ज्यादा लग रही है। पिछले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान की बात की जाए तो प्रदेश के सभी संभागों मे विशेष परिवर्तन नहीं हुए. छत्तीसगढ़ के दुर्ग संभाग में सामान्य से अधिक और बाकि संभागो मे तापमान सामान्य रहा है छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमानों की बात की जाए तो प्रदेश के रायपुर संभाग में तापमान में गिरावट व सरगुजा संभाग में वृद्धि और बाकि संभागों मे विशेष परिवर्तन नहीं हुए. प्रदेश के सरगुजा संभाग मे सामान्य से उल्लेखनीय अधिक, बिलासपुर संभाग में सामान्य से अधिक और बाकि संभागों मे तापमान सामान्य रहा है। छत्तीसगढ़ में रोजाना तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है. राजधानी रायपुर में रविवार को 41.2 डिग्री सेल्सियस तापमान, दुर्ग में 41.8 डिग्री सेल्सियस तापमान, बलौदाबाजार में 41.4 डिग्री सेल्सियस तापमान, मुंगेली में 41.4 डिग्री सेल्सियस तापमान, बिलासपुर में 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है. रायपुर मौसम विभाग ने अगले महीने 45 -46 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान लगाया है।

# आप लोगों के कारण हम अपने घरों में सुरक्षित रह पाते हैं: मुख्यमंत्री

## पुलिस के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए भूपेश बघेल

रायपुर, 18 अप्रैल। दीक्षांत एक पुलिस अधिकारी के लिए जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण होता है, प्रशिक्षण एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है, इस अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान हर दिन आपने कुछ न कुछ नया सीखा है। आपने पुलिस विभाग को सेवा के लिए चुना है, यह सराहनीय है।

यह बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी में प्रशिक्षणरत डीएसपी के बारहवें बैच के दीक्षांत समारोह के दौरान कहीं। चंदखुरी में बारहवें बैच के 25 प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षकों ने पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारा राज्य लगातार प्रगति कर रहा है,राज्य के नक्सली हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों से भी अब अच्छे संकेत आने लगे है और यह सब पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली व मुस्तैदी से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं। विभाग के अधिकारियों ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से जो सकारात्मक स्थिति निर्मित की है, उसे नए अधिकारियों को और आगे बढ़ाना है व समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है।




### बच्चों को बुलाकर उन्हें उड़ाने को दिया गुब्बारा



दीक्षांत समारोह को दौरान मुख्यमंत्री को शांति के प्रतीक के तौर पर रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाने को दिए गए। मुख्यमंत्री ने देखा कि पास ही दर्शक दीर्घा में बच्चे भी बैठे हैं और उनकी ओर देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सामने खड़ी दो बच्चियों को अपने पास बुलाया और शांति के प्रतीक गुब्बारों को उन बच्चियों के हाथों में दे दिया और फिर बच्चों ने इन गुब्बारों को हवा में छोड़ा।

### अधिकारियो को दिया पुरस्कार,

रायपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी में आज बारहवें बैच के प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षकों के लिए दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। दीक्षांत समारोह के उपरांत प्रशिक्षण अवधि में अलग-अलग विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उप पुलिस अधीक्षकों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी के निदेशक रतन लाल डांगी भी उपस्थित थे।

दीक्षांत समारोह के मौके पर प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की अगुवाई में हमारा प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है और हम तरक्की की राह पर अग्रसर हैं। उन्होंने नए पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये अवसर हर किसी के मन में उत्साह जागृत करता है और आज दीक्षांत हासिल करने के बाद ये अधिकारी इस योग्य हो गए हैं कि चुनौतियों को स्वीकार कर सकते हैं।

### हरियाली



रायपुर, 18 अप्रैल। सूर्यदेव आसमान से आग के गोले बरसा रहे हैं। इस भीषण गर्मी में हरियाली आंखों को सुकून देती है। तस्वीर में नजर आ रही हरियाली किसी जंगल की नहीं बल्कि राजधानी में स्थित आक्सीजोन और गौरवपथ का है। आक्सीजोन में शीतलता का अहसास होता है। यहां तापमान दो-चार डिग्री कम ही रहता है। अब जरा सोचिए पूरा शहर ऐसा ही हरा-भरा हो जाए तो तापमान कितना नियंत्रित हो जाएगा। पौधा लगाएं-पेड़ बचाएं। इस तस्वीर को हमारे छायाकार जावेद खान ने क्लिक किया है।

### डूब रहे युवक को पुलिस ने बचाया

रायपुर, 18 अप्रैल। महादेव घाट एनीकट में डूब रहे युवक की जान पुलिस जवानों ने बचाई है. जानकारी के मुताबिक डायल 112 को सूचना मिला कि एक व्यक्ति महादेव घाट एनीकेट के पास नदी के बीचो-बीच डूब रहा है. और मदद की गुहार लगा रहा है. जिस सूचना पर पुरानी बस्ती टाइगर वन और आजाद चौक पुलिस मौके पर पहुंची और समय रहते युवक को बचा लिया। वही मौके पर उपस्थित लोगों ने डायल 112 का आभार व्यक्त किया है।

# विस टिकिट के लिए कई सामाजिक संगठन सक्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

रायपुर, 18 अप्रैल। इस वर्ष विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के अनेक सामाजिक संगठन सक्रिय हो गए हैं। समाज को राजनीति की सीढ़ी बनाकर टिकिट का जुगाड़ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के निवास में विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमण्डलों के मिलने का तांता लगा हुआ है।

भेंट-मुलाकात में धनगर समाज, साहू समाज, सिख समाज तथा ब्राह्मण समाज के अलावा विभिन्न वर्गों के लोगों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अपने-अपने क्षेत्र के अलावा सामाजिक कार्यक्रमों में आने का न्यौता दिया है। इसी बहाने समाज के लोगों को टिकिट देने की भी मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री प्रत्यक्ष रूप से आश्वासन तो नहीं दे रहे हैं लेकिन वे सामाजिक संगठनों में अपनी सक्रिय भागीदारी बढ़ा रहे हैं। चांपा-जांजगीर के अलावा सक्ती जिला इस समय राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। सक्ती विधानसभा क्षेत्र में राजपरिवार को टिकिट देने का वायदा किया गया है जिसके चलते विधानसभा अध्यक्ष अब चांपा में सक्रिय हो गए हैं। चौलेश्वर चंद्राकर जैजैपुर से टिकिट मांग रहे हैं। चांपा में मोतीलाल देवांगन ने जांजगीर से टिकिट के लिए प्रयास कर रहे हैं। देवांगन समाज के लोगों ने उन्हें टिकिट देने की मांग की है। बालोद और धमतरी जिला साहू बाहुल्य क्षेत्र है। धमतरी के कुरूद और धमतरी में साहू बाहुल्य क्षेत्र को देखते हुए साहू समाज के लोगों ने टिकिट देने की मांग की जा रही है। धमतरी से रंजना साहू भाजपा की विधायक हैं। कुरूद में कांग्रेस का पेच फंस गया है। मीनल चंद्राकर मजबूत प्रत्याशी के रूप में सामने आईं हैं। कुरूद में कुरूद तथा मगरलोड दो ब्लाक है इसलिए यहां पर कोई भी समीकरण गड़बड़ाने से प्रत्याशी हार जाता है। बालोद में साहू समाज भी दबाव बनाए हुए है। वर्तमान विधायक की टिकिट काटकर बालोद से साहू समाज के प्रत्याशी को टिकिट देने की मांग की जा रही है। दुर्ग ग्रामीण से प्रतिमा चंद्राकर और वैशाली नगर से मुकेश चंद्राकर को टिकिट दिए जाने की मांग उठ रही है। समाज के लोग इसके लिए दबाव बनाए हुए हैं।

रायपुर में चार विधानसभा क्षेत्र हैं। सिख और सिंधी समाज के लोग मुख्यमंत्री से मिल रहे हैं। चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने भी उत्तर विस से टिकिट देने के लिए दबाव बनाया हुआ है। ग्रामीण, पश्चिम तथा दक्षिण से भी नए चेहरों की तलाश की जा रही है। पश्चिम से अनेक प्रत्याशी सामने आए हैं। विकास उपाध्याय वाल राइटिंग करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी चेहरे तलाश रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम यदि पद पर बने रहे तो यहां पर भी नए समीकरण बनेंगे। दक्षिणी छत्तीसगढ़ में टीएस सिंहदेव के भतीजे को टिकिट दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। कोरिया में वर्तमान विधायक परिवारिक कारणों से विवाद में हैं इसलिए यहां पर नए प्रत्याशी की तलाश की जा रही है। आदिवासी समाज की कमान संतराम नेताम संभाले हुए हैं। आदिवासियों के हितों की भी बात की जा रही है। धर्मांतरण का मुद्दा गहराता जा रहा है। सतनामी समाज की ओर से कई नेता दावेदारी कर रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार 20 विधानसभा क्षेत्रों में सतनामी समाज के लोग निवास करते हैं इसलिए समाज के नेता भी अब सक्रिय हो गए हैं।

# घर से दूर होस्टल में भी मूक पक्षियों की चिंता

■ दाना फीडर और सकोरा लगाया, रोज दाना पानी देंगी
■ पशु पखवाड़े के प्रथम सप्ताह में 500 से ज्यादा पशुओं की सेवा



रायपुर, 18 अप्रैल। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में मूक पक्षियों के लिए दाना फ़ीडर व सकोरे का वितरण किया जा रहा है। मूक पशुओं को चारा, हरी सब्जियां, रोटी वितरण पखवाड़े में अभी तक 500 से ज्यादा गाय, सांड़, कुत्तों की सेवा की गई है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि आज मंदिर परिसर में फ़ीडर वितरण के समय पचपेड़ी नाका स्थित गर्ल्स हॉस्टल की 6 सहेलियों ने परमात्मा व दादागुरुदेव के दर्शन कर दाना फ़ीडर व सकोरा ले जाने की इच्छा जाहिर की। घर से दूर रहते हुए भी संस्कारों के कारण जीव दया की भावना बलवती है। एक दाना फ़ीडर व सकोरा होस्टल में लगाकर रोज दाना पानी देंगी। चमत्कारी जैन दादाबाड़ी द्वारा 1000 नग दाना फ़ीडर व सकोरा वितरण के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए आज आसपास की कॉलोनी के अनेक रहवासियों को भी दाना फ़ीडर व सकोरा वितरित किया गया। अनेक लोग स्वेच्छा से मंदिर आकर दाना फ़ीडर व सकोरा प्राप्त किया। राजेश जी करुणा जी सिंघी ने बताया कि दाना फ़ीडर आधुनिक है व इसका उपयोग स्वच्छता के साथ किया जा सकता है। सभी ने इस कार्य की सराहना की। फ़ीडर ले जाने वाले भाई बहनों से अपील की गई है कि फ़ीडर में दाना व सकोरे में पानी भर कर अपने घर की छत, बाल्कनी या गार्डन में लटकाएं और जब पक्षी दाना चुगे तो वीडियो बनाकर बताए मोबाइल नम्बर पर भेजें, श्रेष्ठ वीडियो पुरस्कृत किए जावेंगे।

# प्रदेश के पांच लाख छत्तीसगढ़िया व्यापारियों को करेंगे एकजुट

## प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार, सदस्यों के हितों की रक्षा का लिया संकल्प



रायपुर, 18 अप्रैल। छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इस अवसर पर व्यापारियो का परिचय सम्मलेन व परिचर्चा का आयोजन किया गया। जोरा स्थित पंजाबी तडका में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में पांच लाख से भी ज्यादा छत्तीसगढ़िया व्यापारी हैं जिन्हें एकजुट करने के लिए अब सबको जी जान से जुट जाना है।

महासचिव मनीष टिकरीहा ने बताया कि विस्तार कार्यक्रम के प्रथम चरण में सलाहकार व कार्यकारिणी में 50 सदस्यों को शामिल किया गया। इसमें आगे भी विस्तार किए जाने की बात कही गई। वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्वलित किया, राजकीय गीत के बाद कार्यक्रम का उदबोधन उपाध्यक्ष दिलीप टिकरिहा ने किया जिसमे महासंघ के उद्देश्य व व्यापार की संभावनाओ को लेकर विस्तार से जानकारी दी। सलाहकार महेश देवांगन, राघवेन्द्र चंद्राकर, नारायण साहु, ओमप्रकाश मानिकपुरी, संदीप चंद्राकर, श्याम वर्मा, मुरली देवांगन तथा कार्यकारिणी सदस्य सूनील चंद्राकर, वसुंधरा वर्मा, देवेन्द्र चंद्राकर, अभिनव सत्यवंशी, आनंद ताम्रकार, विनोद रात्रे, निधि चंद्राकर, अभिषेक देवांगन, दीपक साहु, लक्ष्मण साहु, जगदीश देवांगन, विनय चंद्रवंशी, ईश्वर पटेल, विकास कसेर, लिलेश्वरी साहु, त्रिलोचन साहु, यशवंत साहु, अनिल चंद्राकर, मोहन ठाकुर,संदेश साहु, कुलेश्वर साहु, रितुराज वर्मा, विवेक बंछोर, गुंजन बघेल, महेश राज ने भी अपना विचार रखा। इनका सम्मान अध्यक्ष शेखर वर्मा, निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द साहू, मासिश साहु ने किया। संचालन महासचिव मनीष टिकरिहा व कोषाध्यक्ष ललित साहु ने और आभार प्रदर्शन पूनारद निषाद ने किया।

# राष्ट्रीय रिटेल शिखर सम्मेलन में शामिल हुआ छग कैट

■ केन्द्रीय सूचना प्रसारण एवं रेल्वे मंत्री अश्विनी वैष्णव सम्मेलन में शामिल होगें



रायपुर, 18 अप्रैल। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राष्ट्रीय रिटेल शिखर सम्मेलन 19 अप्रैल तक नई दिल्ली में आयोजित कर रहा है, जिसमें देश के सभी राज्यों के व्यापारी नेताओं के अलावा गैर-कॉर्पोरेट क्षेत्र के प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। देश में रिटेल का एक बड़ा गठबंधन बनाने के लक्ष्य को सामने रखते हुए कैट ने इस सम्मेलन में परिवहन, एसएमई, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों, हाकर्स और खुदरा व्यापार के अन्य क्षेत्रों के नेताओं को भी आमंत्रित किया है। शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया करेंगे।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि दो दिवसीय खुदरा शिखर सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में व्यापार सहित गैर-कॉर्पोरेट क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर एवं जीएसटी के सम्बंध में चर्चा की जाएगी। कैट विभिन्न सत्रों में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करने के लिए अनेक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया है।

शिखर सम्मेलन में कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी जी के नेतृत्व में कैट सी.जी. चैप्टर का प्रतिनिधी मंडल शामिल होगें जिसमें प्रमुख रूप से :- परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, अमर धींगानी, विजय पटेल, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नीलेश मुंदडा, कान्ति पटेल, भगवान दास अग्रवाल, शंकर बजाज,, दीपक विधानी, विक्रांत राठौर, भूपेन्द्रर सिंह खालसा, परविन्द्रर सिंह, सर्वेश दौलतानी, राजू सलूजा, अनील गुप्ता, सुरेन्द्रर सिंह आजमानी एवं प्रमोद वर्मा आदि।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23